



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 175 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 29 मार्च 2025 डाक 30 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा





# म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1006 हुई 2400 घायल, भारत ने शुरू किया ऑपरेशन ब्रह्मा

## भारत ने भेजी राहत , पुल और मठ गिरे, बांध टूटा अस्पतालों में खून की किल्लत

**नईदिल्ली, 29 मार्च [एजेंसी]।**

म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई है। अकेले म्यांमार में भूकंप में 1006 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैंकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं इस भूकंप में अभी तक 2400 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। 30 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। उधर थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूकंप से मौत हुई है। अचानक आई इस आपदा के बाद म्यांमार ने आपातकाल लगा दिया गया है। इस भंयकर भूकंप का असर सिर्फ म्यांमार पर ही नहीं बल्कि आसपास के देशों में देखने को मिला है। भूकंप का भारत, चीन नेपाल समेत पांच देशों में देखने को मिला है। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है। म्यांमार के अलावा थाईलैंड, चीन, नेपाल और भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहीं शनिवार रात में भी म्यांमार और अफगानिस्तान में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 5 बजकर 16 मिनट पर अफगानिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.7 रही। समाचार एजेंसी ने म्यांमार की सेना (जुंटा) के हवाले से बताया है कि भूकंप में अबतक 694 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1,670 घायल हुए हैं। 0वहीं अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें मिल रही हैं। म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे का ढेर, टूटी सड़कें, और ढही इमारतें नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि, अस्पतालों में घायलों की तादाद भी हजारों में है।




अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, इस भूकंप से मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। वहीं सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार के अनुसार, पांच शहरों और कई कस्बों में इमारतें गिर गई हैं, और दो प्रमुख पुल भी ढह चुके हैं। इस विनाशकारी भूकंप ने मंडाले, नेपिटॉ, यांगून और कई अन्य शहरों में इमारतों, पुलों और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन सबसे अधिक मौतें नेपिटॉ में हुई हैं। अस्पतालों में खून की भारी कमी बताई जा रही है। आपदा में घायल लोगों से अस्पताल भरे पड़े हैं। म्यांमार ना इस आपदा में दवाओं और अन्य राहत सामाग्री की कमी से जूझ रहा है। सैन्य सरकार ने विदेशी सहायता स्वीकार करने की घोषणा की है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने प्रारंभिक राहत कार्यों के लिए 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि जारी की है।

वहीं चीन और रूस ने म्यांमार में बचाव दल भेजे हैं, राष्ट्रपति ट्रंप ने भी अमेरिकी मदद की बात कही है। एक ऑनलाइन वीडियो में देखा गया कि मंडाले की एक सड़क पर भिक्षु अपने मठ मा सोए याने की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे, तभी वह पूरी तरह धराशायी हो गया। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि इस दुर्घटना में कोई घायल हुआ या नहीं। क्रिश्चियन एड नामक संगठन ने बताया कि भूकंप से एक बांध भी टूट गया, जिससे शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी इस भूकंप का प्रभाव महसूस किया गया। यहां एक 33 मंजिला निर्माणाधीन इमारत पूरी तरह गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इमारत गिरते ही पूरे इलाके में धूल का गुबार छा गया, लोग घबराकर चीखने लगे और सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई। बैंकॉक प्रशासन के अनुसार, इस दुर्घटना में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 घायल हैं और 101 लोग लापता हैं। थाईलैंड सरकार ने इसे भयानक त्रासदी करार दिया और कहा कि अभी भी कुछ लोगों के जीवित होने की उम्मीद है। चीनी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भूकंप चीन के युन्नान और सिचुआन प्रांतों में महसूस किया गया। वहीं म्यांमार की सीमा पर स्थित रुइली शहर में भूकंप से नुकसान और चोटें आईं। सामने आए एक वीडियो रुइली में सड़क पर इमारत का मलबा बिखरा हुआ दिख रहा है और एक व्यक्ति को स्ट्रेचर पर एम्बुलेंस की ओर ले जाया जा रहा था। रुइली से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित चीनी शहर मंगशी में भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग खड़े नहीं हो पा रहे थे।

भारत ने सहायता के तौर पर म्यांमार को 15 टन राहत सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर जानकारी साझा की है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारतीय वायुसेना (आईएएफ) सी-130जे विमान में सवार होकर म्यांमार को राहत सामग्री भेजी गई। राहत पैकेज में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, खाने के लिए तैयार भोजन, वाटर प्यूरीफायर, हाइजीन किट, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और पैरासिटामोल, एंटीबायोटिक्स, सीरिंज, दस्ताने और पट्टियां जैसी आवश्यक जीचें शामिल हैं।

# ईद पर दिल्ली व मुंबई में दंगों और बम धमाकों की चेतावनी

## सोशल मीडिया पोस्ट आई सामने, पुलिस ने सुरक्षा कड़ी की



**नईदिल्ली, 29 मार्च [एजेंसी]।**

ईद के दौरान दिल्ली और मुंबई में बम विस्फोट व दंगों की चेतावनी मिली है। सोशल मीडिया में एक पोस्ट के माध्यम से पुलिस को चेतावनी दी गई है। मुंबई में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पोस्ट में कहा गया है कि 31 मार्च और 1 अप्रैल को ईद के दौरान कुछ विशेष क्षेत्रों में हिंदू-मुस्लिम दंगे, आगजनी और बम विस्फोट हो सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में नवी मुंबई पुलिस के हैंडल को टैग किया गया। इसमें चेतावनी डोंगरी जैसे इलाकों को लेकर जारी की गई। कहा गया कि यहां कुछ अवैध रोहिंग्या, बांग्लादेशी या पाकिस्तानी घुसपैठियां ऐसी हरकत को अंजाम दे सकते हैं। पोस्ट के बाद नवी मुंबई में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक साइबर सेल सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने में लगा है। तकनीकी जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोंगरी इलाके में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली है। पुलिस ने कहा कि मुंबई पुलिस के जवानों के अलावा अपराध शाखा, आतंकवाद निरोधक दस्ता और विशेष शाखा की कड़ी निगरानी में हैं। मुंबई पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि सख्त सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। स्थिति पर बारीकी से नजर हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# जम्मू-कश्मीर में महंगा होगा पेट्रोल-डीजल कीमत बढ़ाने के लिए अधिसूचना जारी




## सरकार ने बजट में की थी घोषणा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में एक अप्रैल से पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ जाएंगे। प्रदेश सरकार ने पेट्रोल पर दो रुपये प्रति लीटर और डीजल पर एक रुपये प्रति लीटर उपकर (सेस) लगाने का निर्णय लिया है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने सरकार के इस कदम की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इससे आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। वहीं, चैंबर ने सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया है। प्रदेश के वित्त विभाग ने पेट्रोलियम उत्पादों पर कर लगाने और उन पर सरकार द्वारा पहले दी जा रही छूट में कटौती की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएगी। प्रदेश में प्रत्येक माह लगभग 55 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 75 हजार किलोलीटर डीजल की खपत होती है। पूरे प्रदेश में डीजल और पेट्रोल के 535 फिलिंग स्टेशन हैं।

# कुणाल कामरा की और बढ़ी मुश्किलें, मुंबई पुलिस ने तीन और एफआईआर की दर्ज, 31 मार्च तक पेश होने को कहा

**मुंबई 29 मार्च।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर विवादित टिप्पणी करने वाले स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। खार पुलिस ने कामरा के खिलाफ तीन और मामले दर्ज किए हैं। मुंबई पुलिस के मुताबिक एक मामला जलगांव के मेयर और दो अन्य शिकायतें नासिक के दो व्यवसायिकों ने दर्ज कराई है। कुणाल कामरा को खार पुलिस दो बार पूछताछ को बुला चुकी है। मगर वे अभी तक पेश नहीं हुए हैं। कामरा के खिलाफ दर्ज एक एफआईआर में मद्रास हाई कोर्ट ने 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत दी है। कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अपनी याचिका में उन्होंने कहा था कि हाल की टिप्पणी के बाद उन्हें कई तरह की धमकियां मिल रही हैं। डिप्टी सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद पुलिस कामरा को तीन समन जारी कर चुकी है। तीसरे समन में पुलिस ने कॉमेडियन को 31 मार्च को खार पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा है। कामरा के खिलाफ शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने खार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। पिछले दो समन में कामरा पुलिस के सामने अपना पक्ष रखने नहीं पहुंचे।



## सुकमा में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी

# मुठभेड़ में 16 नक्सली ढेर मारा गया कमांडर जगदीश

## 10 एके-47 इंसास रायफल और एसएलआर समेत ये हथियार मिले



**सुकमा, 29 मार्च [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापाल इलाके में शनिवार को सुरक्षा बलों ने एक बड़ी मुठभेड़ में 16 नक्सलियों को मार गिराया है। क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिली थी।

जिले के केरलापाल थानाक्षेत्र के गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश के होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद डीआरजी और सीआरपीएफ के जवान रवाना हुए। इस एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 16 नक्सलियों को ढेर कर दिया। हालांकि, मुठभेड़ में दो जवानों के घायल होने की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, गोगुंडा इलाके में कमांडर जगदीश के होने की सूचना पर रात 12 बजे डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। जहां सुबह 6 बजकर 50 मिनट में गोलीबारी शुरू हुई। इस ऑपरेशन में घायल हुए दोनों जवानों को उपचार के लिए रायपुर भेजा जाएगा। वहीं मुठभेड़ को एसपी किरण चव्हाण ने वॉर रूम से मॉनीटर किया है। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं।

सुकमा छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित जिलों में से एक है, जहां पहले भी कई नक्सली हमले हो चुके हैं। इससे पहले शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से एक जवान घायल हो गया था। बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया, बेड़माकोटी की ओर नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में एक जवान घायल हो गया। घायल जवान का नारायणपुर के जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। आईजी ने बताया कि प्रारंभिक उपचार के बाद घायल जवान की हालत स्थिर हो गई है। अभियान के दौरान आज सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है। जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। मुठभेड़ में डीवीसीएम केडर के नक्सलिक जगदीश के भी मारे जाने की खबर है। हाल ही में 25 लाख का नक्सली सुधाकर भी मार गिराया गया था।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# गैस लीक से मची भगदड़ लोगों की आवाजाही पर रोक

**लुधियाना, 29 मार्च [एजेंसी]।**



लुधियाना के भारत नगर चौक फ्लाईओवर पर एक ट्रक पलट गया। इस ट्रक में कार्बन डाइऑक्साइड गैस भरी हुई थी। हादसा कल देर रात 2 बजे हुआ बताया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस पार्टी तुरंत मौके पर पहुंची और एहतियात के तौर पर सड़क पर यातायात रोक दिया गया है। ट्रक के पलटने की वजह से तेज आवाज के साथ गैस लीक हो रही है। सुरक्षा के मद्देनजर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी मौके पर बुलाया गया है। आज सुबह खबर लिखे जाने तक भी काफी तेज आवाज के साथ गैस लीक हो रही है और मौके पर भारी पुलिस बल और फायर ब्रिगेड के जवान तैनात हैं। पुलिस ने दुर्घटनास्थल को आम लोगों के लिए सील कर दिया है और फ्लाईओवर पर यातायात पूरी तरह से रोक दिया गया है। फिलहाल गैस लीक को रोकने की कोशिश की जा रही है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

## कटघोरा के अग्रसेन भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले दम्पतियों को कैबिनेट मंत्री देवांगन ने दी शुभकामनाएं







### सुखमय जीवन के संकल्प के साथ 146 वर-वधुओं के जोड़ें ने लिए फेरे

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज जिले के कटघोरा विकासखण्ड के अग्रसेन भवन में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजनांतर्गत आज 146 वर-वधू के जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे और सुखमय जीवन का संकल्प लेकर एक नई जिंदगी की शुरूआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन सिंह, एसडीएम श्री रोहित सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण बड़ी संख्या में वर-वधुओं को आशीर्वाद देने उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने सभी वर-वधुओं को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि वर-वधुओं का सामाजिक, धार्मिक रीति-रिवाज का पालन करते हुए सामूहिक विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जोड़ों को अपने माता-पिता, परिवार जन सहित कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न समाज के लोगों, वरिष्ठजनों का शुभ आशीष मिल रहा है। उन्होंने परिणय सूत्र में बंधकर नव दाम्पत्य जीवन मे प्रवेश करने वाले 146 दम्पतियों के सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी समाज के लिए प्रेरणा बनें एवं आदर्श जीवन यापन करें। आप सभी के कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी आ गई है, जिसका निर्वहन कुशलता पूर्वक करें। उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करने व घर के सभी सदस्यों का ख्याल रखने हेतु नव जोड़ां को प्रेरित किया।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार गठन के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आयी है। जिससे सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार गठन के साथ ही 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी कर सुदृढ़ बनाया जा रहा है। जनहितकारी सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विन्टल की समर्थन मूल्य पर 21 क्विन्टल प्रति एकड़ की मान से धान खरीदी कर किसानों की मेहनत को सम्मान दिया गया है। साथ ही धान का बकाया बोनस देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान कर आत्म निर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने आमजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा ने सभी वर-वधुओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन कर पिछड़े परिवार के लोगों के विवाह में होने वाले खर्च की बचत कर उनको सम्मान दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों में नवदंपतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए भेंट स्वरूप प्रोत्साहन राशि का चेक और सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।

## तारमिस्त्री परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित

### 30 अप्रैल 2025 आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि

**कोरबा ।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तारमिस्त्री परीक्षा आगामी जुलाई 2025 में लिया जाएगा। इस हेतु आवेदन 30 अप्रैल 2025 जमा करने की अंतिम तिथि है। उक्त परीक्षा हेतु बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग,होमगार्ड कैंपस के पास, कुदुदण्ड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर तत्संबंध में जानकारी एवं नि:शुल्क आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है।

## निगम ने दी करदाताओं को सुविधा

**कोरबा ।** समाप्त होते वित्तीय वर्ष व करदाताओं की सुविधा के मद्देनजर नगर पालिक निगम केरबा द्वारा 29, 30 एवं 31 मार्च के अवकाश दिवस में भी सम्पत्तिकर सहित सभी प्रकार के करों के भुगतान हेतु निगम कार्यालय साकेत भवन एवं सभी जोन कार्यालयों के टैक्स काउंटर को खुला रखा जाएगा, करदाता कार्यालयीन समय पर पहुंचकर करों का भुगतान कर सकते हैं।

यहॉं उल्लेखनीय है कि 29, 30 एवं 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश है, चूंकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने की ओर है, इसको ध्यान में रखते हुए करदाताओं की सुविधा के मद्देनजर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित टैक्स जमा काउंटर तथा निगम के सभी जोन कार्यालयों में स्थित टैक्स काउंटर खुले रहेंगे ताकि करदाता इन तिथियों में भी निगम को देय सम्पत्तिकर व अन्य करों का भुगतान कर सकें। निगम द्वारा करदाताओं एवं बकायादारों से कहा गया है कि वे उक्त तिथियों में भी कार्यालयीन समय पर निगम के मुख्य कार्यालय या संबंधित जोन कार्यालय में पहुंचकर अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते हैं।

## नगर पालिका दीपका ने पारित किया 68 करोड़ का बजट

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम नगर पालिका परिषद दीपका ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 68 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया। इस बजट में नगर क्षेत्र के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से पेयजल संकट के समाधान और प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष जोर दिया गया है। नगर पालिका परिषद की इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने की, जबकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता सचिव के रूप में उपस्थित रहे। नगर परिषद के पार्षदों ने सर्वसम्मति से बजट प्रस्ताव को मंजूरी दी और विभिन्न विकास कार्यों पर सहमति जताई। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत नगर के एक सक्रिय एवं जनहितैषी नेता हैं, जिन्होंने दीपका के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। उनके नेतृत्व में नगर पालिका परिषद ने शहरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, पेयजल आपूर्ति और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कदम उठाए हैं। उनके कार्यकाल में दीपका को स्वच्छ एवं आधुनिक शहर बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं।

नगर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक बहुउद्देशीय भवन और परिसर का निर्माण किया जाएगा, जिसमें सभागार, पुस्तकालय, प्रशिक्षण केंद्र आदि की सुविधाएं होंगी। नागरिकों को स्वच्छ और हरियाली युक्त वातावरण देने के लिए वार्ड 11 में एक सुंदर उद्यान का निर्माण किया जाएगा। यह उद्यान मनोरंजन एवं स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल बनेगा।इस योजना के तहत काला मैदान को खेल गतिविधियों के लिए विकसित किया जाएगा, जिससे नगर के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। नगर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नियमित रूप से वॉटर स्प्रिंकलिंग और फॉगिंग की जाएगी, जिससे नगर के नागरिकों को स्वच्छ वायु मिल सके। नगर में पेयजल संकट को दूर करने के लिए कोरई नाला, देवरी नाला और एसईसीएल की निष्क्रिय खदानों से पानी लाकर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।



## निर्देशक मंडल ने किया सीएमडी का स्वागत

**कोरबा।** मुख्यालय में आयोजित एसईसीएल बोर्ड की 356वीं बैठक में पहली बार भाग ले रहे सीएमडी हरीश दुहन का निदेशक मण्डल एवं गैर-आधिकारिक निदेशकगणों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव कोयला मंत्रालय एवं एसईसीएल अंशकालिक आधिकारिक निदेशक भबानी प्रसाद पति, निदेशक तकनीकी, कोल इंडिया एवं अंशकालिक आधिकारिक निदेशक, एसईसीएल अच्युत घटक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कंपनी के कार्यसंचालन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इससे पूर्व, निदेशक (एचआर) बिरंची दास द्वारा सीएमडी हरीश दुहन का एसईसीएल परिवार में स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

# जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग व ओ.डी.एफ. प्लस-प्लस की तैयारियों को दें अंतिम रूप : पांडेय

**कोरबा ।** कोरबा जिला नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गारवेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग, ओ.डी.एफ. प्लस-प्लस एवं वाटर प्लस से जुड़े सभी कार्या पर विशेष ध्यान देते हुए इस संबंध में की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप दें, उन्होने कहा कि कचरे के डोर-टू-डोर कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन, अपशिष्ट की प्रोसेसिंग, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट, सीटीपीटी. वाटरबाडी व शहर सौदंर्यीकरण सहित समस्त बिन्दुओं पर ठोस कार्यवाही करते हुए त्रुटिरहित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों, अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग, ओ.डी.एफ. प्लस-प्लस व वाटर प्लस के संबंध में निगम द्वारा किए जा रहे कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। यहॉं उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन-मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत कोरबा शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सर्वे का कार्य किया जा चुका है, वहीं नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा गारवेज फ्री सिटी, सेवन स्टार रेटिंग की दावेदारी भी की गई है, साथ ही ओ.डी.एफ. प्लस-प्लस व वाटर प्लस की रेटिंग के संबंध में भी तैयारियॉं की जा रही है। आयुक्त श्री पांडेय ने इस संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि निगम की डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था में पूर्ण रूप से कसावट लाते हुए शत-प्रतिशत घरों से सूखे व गीले कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण सुनिश्चित कराएं, साथ ही कचरे के सोर्स सेग्रीगेशन यानी कचरा उत्सर्जन स्थल पर ही कचरे का पृथकीकरण, गीले एवं सूखे कचरे की प्रोसेसिंग, डम्प साईट रेमिडेशन तथा विजुअल क्लीननेस से जुड़े सभी कार्यो पर ठोस कार्यवाही करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पांडेय ने प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस रखने, यूजर चार्जेज कलेक्शन को बढ़ाने तथा स्वच्छता व साफ-सफाई से जुड़े शिकायतों का समयसीमा पर त्वरित निराकरण करने के साथ-साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसका उपयोग करते पाए जाने पर अर्थदंड लगाने आदि की कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि सी.एण्ड डी.वेस्ट का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करें तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री पांडेय ने अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न वाटरबाडी, तालाब, जलस्त्रोत आदि के सौदंर्यीकरण व शहर के सौदंर्यीकरण पर निरंतर कार्य करें। वाटरबाडी में बोर्ड लगाएं तथा बोर्ड में इस चीज का उल्लेख करें कि जल स्त्रोत में विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट यथा पूजा सामग्री, फूल माला तथा अन्य किसी भी प्रकार का अपशिष्ट न डालें, जल स्त्रोत के समीप लिटरबिन्स स्थापित करें, ताकि लोग अपशिष्ट को लिटरबिन्स में ही डालें। आयुक्त श्री पांडेय ने जोन कमिश्नरों व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र में स्थित समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्थाओं पर निरंतर सुधार कार्य जारी रखें तथा वहॉं पर निर्धारित मानदंडो के अनुरूप व्यवस्थाएं हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि स्कूलों, शासकीय कार्यालयों, शॉपिंग काम्पलेक्स आदि में स्थित शौचालयों का भी समय-समय पर निरीक्षण करते हुए वहॉं की त्रुटिरहित व्यवस्थाओं को देखें, इसी प्रकार पेट्रोल पंप आदि में स्थित शौचालयों के संबंध में बोर्ड लगवाएं तथा मेल-फीमेल के स्टीकर लगाए जाएं।

## पावर प्लांट का शिलान्यास करेगें पीएम मोदी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर आगमन पर एनटीपीसी सीपत के तीसरे चरण की 800 मेगावाट क्षमता वाली इकाई के कार्य का शिलान्यास करेंगे। साथ ही, कोरबा पश्चिम में स्थापित होने वाले 1320 मेगावाट क्षमता वाली विस्तार परियोजना के कार्य का शुभारंभ करेंगे। एनटीपीसी सीपत में तीसरे चरण के तहत 800 मेगावाट क्षमता वाली एक इकाई स्थापित हो रही है, जो एडवांस्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नॉलजी पर आधारित है। इस इकाई की स्थापना की प्रारंभिक लागत 9790.87 करोड़ रुपए है।

## दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुई महापौर संजू देवी

**कोरबा ।** सेवा भारतीय कोरबा द्वारा आयोजित दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रमुख लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष डॉ. विशाल उपाध्याय, सचिव सुनील जैन, एवं उमा भारतीय सराफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने भी विशेष रूप से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विभिन्न समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता निभाई। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में परित्यक्त एवं अनाथ बच्चों के जीवन को संवारना और उन्हें एक बेहतर भविष्य प्रदान करना रहा। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने पर जोर दिया तथा सेवा भारतीय संगठन के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सेवा भारतीय कोरबा ने समाज में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया एवं संस्था के सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के कल्याणकारी कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

## ठेकेदारों ने लगभग 7 माह से भुगतान नहीं होने का लगाया आरोप

कोरबा । घर-घर शुद्ध पानी पहुंचाने की पीएचई विभाग की मुहिम जल जीवन मिशन से अधिकारी ही पलीता लगा रहे हैं। ठेकेदारों पर दबाव बनाकर काम तो पूरा करा लिया जाता है और काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। जिसके चलते अर्थदंड से बचने ठेकेदार समय पर काम पूरा कर रहे हैं। आरोप लगाते हुए कहा गया हैं की पिछले 7 महीने से लगभग दर्जन भर ठेकेदारों को पीएचई विभाग ने पेमेंट नहीं किया है, खास बात यह है ।



## खेलो भारत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का :सफल आयोजन

कोरबा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कोरबा इकाई ने एसईसीएल कोरबा वॉलीबॉल ग्राउंड में दो दिवसीय खेलो भारत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के जिला कार्यवाह कैलाश नाहक, नरेंद्र देवांगन, रायगढ़ विभाग संगठन मंत्री सुरजीत सिंह बघेल, कोरबा जिला संयोजक आयुष शर्मा, खेलो भारत प्रांत सह प्रमुख शिवम मिश्रा, निहाल सोनी नगर मंत्री कोरबा, हितानंद अग्रवाल, ऋतु चौरसिया, जिला विस्तारक प्रदीप साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा अग्रवाल, श्रेय बहाल, कार्यक्रम प्रमुख अविनाश ठाकुर, सह कार्यक्रम प्रमुख राज सिंह परिहार, राहुल महंत उपस्थित थे।अपने संबोधन में, कैलाश नाहक ने युवाओं को खेल के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने जीवन में खेल को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। सुरजीत सिंह बघेल ने युवाओं को खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।आयुष शर्मा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अभाविप युवाओं के विकास के लिए इस तरह के आयोजनों का आयोजन करता रहेगा। जब से युवा नेता निहाल सोनी सक्रिय हुए हैं लगातार कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जो अपने आप में चर्चा का विषय बने हुए है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के अंत में, विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।यह प्रतियोगिता युवाओं के लिए एक शानदार अवसर था, जहाँ उन्होंने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया और खेल भावना का अनुभव किया।

# दीपका में अवैध रूप से घूस रहे भारी वाहन,पार्षदों ने रोक लगाने की मांग की

**कोरबा।** दीपका नगर में भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन से स्थानीय नागरिकों को हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका परिषद के पार्षद सुजीत सिंह ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की है।



पत्र में उल्लेख किया गया है कि दीपका नगर में भारी वाहनों का आवागमन 24 घंटे जारी रहता है, जिससे सड़क की स्थिति खराब हो रही है और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ रही है। इसके अलावा, स्थानीय नागरिकों को भी यातायात बाधाओं के कारण असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

इस स्थिति को देखते हुए पार्षद सुजीत सिंह ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि नगर में 24 घंटे पुलिस निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भारी वाहनों के अवैध प्रवेश को रोका जाए, जिससे दुर्घटनाओं से बचाव हो सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। इस पत्र की प्रतिलिपि नगर पालिका अधिकारी, पुलिस विभाग, ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों को भी भेजी गई है ताकि सभी स्तर पर इस समस्या का समाधान किया जा सके स्थानीय नागरिकों ने भी इस मांग का समर्थन किया है और जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। साथ में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, एवं समस्त पार्षद गण.. अविनाश सिंह,धीरेन्द्र तिवारी, सुखसागर साहू, हिमांशु देवांगन ,गुलशन ध्रुव, संतोष निराला,ज्योति तिवारी, सविता कंवर ,सुमन दीपक गिलहरे, कमलेश जायसवाल,विधायक प्रतिनिधि सानिध्य सोलंकी ने जाकर के थाना में ज्ञापन सोपा।

## बीएचईएल को छत्तीसगढ़ में सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए मिला ऑर्डर

**कोरबा।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित हसदेव थर्मल पावर स्टेशन (एचटीपीएस), कोरबा पश्चिम में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) आधार पर 2-660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) से, घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के तहत, एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया है। बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में सुपरक्रिटिकल बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर जैसे प्रमुख उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ थर्मल पावर स्टेशन का संपूर्ण निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। कंपनी के कार्यक्षेत्र में एसओयू उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए बीएचईएल-निर्मित अत्याधुनिक फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल है।

भारत के अग्रणी विद्युत उपकरण निर्माता के रूप में, देश भर में 1,72,000 मेगावाट से अधिक यूटिलिटी विद्युत क्षमता स्थापित करने के साथ, बीएचईएल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

फा.क्र./1363/विद्युत/2025 — कोरबा, दिनांक 27.03.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा छ.रा.वि.मंडल, एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में पंजीकृत/लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु शेड्यूल अनुसार आयटम दर पर मैन्युअल निविदा हेतु निविदा प्रपत्र फार्म-बी बेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | निविदा दस्तावेज (भाग-अ) खुलने की तिथि | निविदा दर (भाग-ब) खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.13 अंतर्गत पंचवटी (रेस्ट हाउस) डी-1 एवं डी-2 बंगला के सम्पूर्ण विद्युत (डे-टूड-डे) मरम्मत कार्य। (मरम्मत/संधारण मद) | 3,54,276/- | 15.04.2025 | 17.04.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा फार्म बी बेबसाइड से डाउनलोड किया जाकर निर्धारित प्रपत्र का शुल्क डी.डी. के माध्यम से जमा किया जावे एवं सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा

## अनमोल वचन......

**उपहास, विरोध और फिर स्वीकृति प्रत्येक कार्य को इन तीन अवस्थाओं में से गुजरना पड़ता है।**

## अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी

लंबे इंतजार के बाद आखिर, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर वापिस आ गए।

दोनों एस्ट्रोनॉट जून में केवल आठ दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर गए थे मगर धरती पर वापस लाने वाले वाले यान के खराब होने के कारण नौ महीनों बाद वापसी संभव हुई। स्पेसएक्स एलन मस्क की कंपनी है, जिसका ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तटीय समुद्र में उन्हें लेकर सत्रह घंटों में सुरक्षित गिराया गया। नासा की लाइव तस्वीरों द्वारा दुनिया भर में बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने अंतरिक्ष यात्रियों को देखा।

अंतरिक्ष में तकरीबन 286 दिन बिताने वाले इन यात्रियों ने प्रति दिन सोलह बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखा। जांच के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। हालांकि वे कुछ समय के लिए रिकवरीशिप में रहेंगे। उसके बाद परिवार से मिलने की इजाजत दी जाएगी। फिर वे अपने अनुभव विशेषज्ञों से बांटेंगे और लंबी छुट्टी पर चले जाएंगे। अंतरिक्ष में रहने का वक्त अधिकतम छह माह माना गया है, मगर सुनीता और बुच को नौ माह रहना पड़ा जिसका शरीर पर गहरा असर होता है। गुरुत्वाकर्षण शून्य होने के कारण खून का प्रवाह प्रभावित होता है और हड्डियां/मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं। हालांकि यह धरती के वातावरण में आते ही प्राकृतिक रूप से सामान्य होता जाएगा। इसका मानसिक सेहत पर भी गहरा असर हो सकता है क्योंकि बार-बार यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीदें नाममात्र रहने ने इन्हें बुरी तरह अवश्य प्रभावित किया होगा। नासा ने बाताया कि इस दरम्यान विलियम्स ने 150 वैज्ञानिक प्रयोग किए और नौ सौ घंटे रिसर्च में बिताए जो अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

अंतरिक्ष में मैराथन दौडऩे वाली पहली अंतरिक्ष यात्री रहीं विलियम्स अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान बासठ घंटों से ज्यादा का स्पेस वॉक कर चुकी हैं। उनके पिता भारतीय हैं, इसलिए सुनीता के सुरक्षित लौटने को लेकर भारतवासी चिंतित थे। उन्होंने विभिन्न धार्मिक ओयोजन किए। अंतरिक्ष में समोसे और गीता-उपनिषद ले जाने की बात कर विलियम्स ने भारतीयों में और भी अपनायित पैदा कर दी थी। इसका बड़ा श्रेय तो मस्क को ही जाता है। हालांकि उन्होंने इसे अमेरिकी चुनावों में राजनीतिक जंग के तौर पर इस्तेमाल किया था। बहरहाल, अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी ने दुनिया भर में मुस्कुराहट फैलाने का काम किया है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज मिलेगा। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखने से ही कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। प्रभावशाली लोगों से अच्छे ताल मेल बनेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको किसी से भी उलझने से बचना चाहिए, ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सफल होंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं। आज बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको फायदा हो सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे होंगे। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ रिश्ते में मजबूती आएगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि लेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा, किसी भी मौके को हाथ से न जाने दें। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से वो आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

**कुंभ राशिः**आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है, उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है।

# अगले साल तक कैसे खत्म हो पाएगा लाल आतंक

**नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे।**



अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी।

साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों का मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसे गिन रहा है।साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है, लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया। नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरूआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया। इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सलप्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है,जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नक्सल उग्रवाद ऐसे क्षेत्रो में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी। नक्सली विचार प्रभवित समूहों ने इन इलाकों के लोगों के असंतोष को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल किया और इस तरह उग्रवाद को बढ़ावा मिला। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओ को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले।

दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की,वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की। नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षा बलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं। सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया। इसके तहत लोकेशन मोबाइल फोन और दूसरी तकनीक सुरक्षा बलों को मुहैया कराई गईं। द्रोण कैमरों से नक्सलियों पर निगाहबानी शुरू हुई और कैजुअल्टी या विशेष ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई। शायद यही वजह रही कि संसद में नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह बेहद आत्मविश्वास में नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रमुख जगहों पर सीआरपीएफ और इसकी विशेष इकाई कोबरा ही माओवादियों से लोहा ले रही है। इन बलों ने ऐसी रणनीति बनाई है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प, सरेंडर करो या गोली खाओ, बचे हैं।

अब ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है, जहां सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। वे महज 48 घंटे में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। अब नक्सलियों के लिए जंगलों में अधिक दूरी तक पीछे भागना भी संभव नहीं हो रहा। उनकी सप्लाई चेन कट चुकी है। नक्सलियों की नई भर्ती तो पूरी तरह बंद हो चुकी है। इतना ही नहीं, घने जंगलों में स्थित नक्सलियों के ट्रेनिंग सेंटर भी तबाह किए जा रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में अमन-चैन हो और बिना खून बहाए ही लोग अपनी शिकायत लोकतांत्रिक ढंग से रख सकें। इसका विरोध शायद ही कोई करेगा। नक्सलवाद का आतंक खत्म हो, इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि भविष्य में ऐसे हालात फिर ना बनें, जिससे फिर से नक्सलवाद को बढ़ने को मौका मिले। क्योंकि विचार केंद्रित एक्शन भले ही रूक जाए, विचार कभी नहीं मरते।

# सीरिया में गृह युद्ध की आशंका बढ़ी

//डॉ. ब्रह्मदीप अलूने//

**राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक हिंसा, चरमपंथ, आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप सीरिया की प्रमुख समस्या रही हैं, और लगता है कि असद के पतन के बाद भी मध्य-पूर्व के इस देश में शांति लौटती हुई दिखाई नहीं दे रही है। असद के समर्थकों को मोहम्मद अल-जुलानी पर भरोसा नहीं है, और उनकी आशंका सच भी साबित हुई है। अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के हजारों लोगों को मार दिया गया है। ऐसे तथ्य सामने आए हैं कि हयात तहरीर अल-शाम के सुरक्षा बलों को पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों से लडऩे के लिए भेजा गया है।**

सीरियाई सुरक्षा बलों द्वारा सीरियाई तट के गांवों और इलाके के लोगों की हत्या, कब्जा और यातना के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिन्हें लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी चिंता जताई जा रही है। सीरिया की अंतरिम सरकार ने देश के तटीय इलाकों लताकिया और टार्टस में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। लताकिया में अलावाइट्स, सुन्नी मुस्लिम और ईसाई जैसे जातीय और धार्मिक समूह रहते हैं। लाताकिया सीरिया का अलावाइट बहुल क्षेत्र है, और यहां अलावाइट समुदाय का विशेष प्रभाव है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। यह इलाका बशर अल-असद का प्रमुख गढ़ माना जाता है। देश के तटीय इलाकों में अलावी और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय पर सुरक्षा बलों के हमलों का असर देश के दूसरे कई इलाकों पर पड़ रहा है, और इससे तनाव गहरा गया है।

मोहम्मद अल-जुलानी देश में बाहरी हस्तक्षेप रोकने की बात कह रहे थे लेकिन उनके कदम ठीक इससे उलट दिखाई दे रहे हैं। सीरिया की सरकार ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पेशेवर सेना तैयार करने के लिए देश के सशस्त्र बलों में उइगर, जॉर्डनियन और तुर्क सहित कुछ विदेशी लड़ाकों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उनका यह कदम अन्य जातीय-धार्मिक समूहों के लिए विचलित करने वाला है। जुलानी का आईएस से गहरा संबंध रहा है, और दुनिया के इस सबसे दुर्दांत आतंकी संगठन का किसी देश में सीमा पर कोई विश्वास नहीं है, आईएस को विदेशी लड़ाकों की सुस्थापित सैन्य इकाई माना जाता है। जुलानी ने आईएस से अलग होकर ही हयात तहरीर अल-शाम नामक गुट बनाया था और वे खुद को उदार नेता के रूप में प्रस्तुत कर सीरिया के कई जातीय समूहों का विश्वास जीतने में सफल भी हो सके। लेकिन अब जब देश की कमान उनके हाथ में आई तो उन्हें लेकर आशंकाएं भी कम नहीं हैं।

एचटीएस की स्थापना 2011 में एक अलग नाम, जबात अल-नुसरा के तहत अल-कायदा के प्रत्यक्ष सहयोगी के रूप में की गई थी। स्वयंभू इस्लामिक स्टेट का नेता अबू बक्र अल-बगदादी भी इसके गठन में शामिल था। अल-जुलानी ने सार्वजनिक रूप से अल कायदा और इस्लामिक स्टेट से नाता तोड़ लिया है, लेकिन वे सुन्नी मुसलमान हैं, जो खलीफाओं के प्रभुत्व को स्वीकार करते हैं।

खलीफा अरबी भाषा में ऐसे शासक को कहते हैं, जो किसी इस्लामी राज्य या अन्य शरिया से चलने वाली राजकीय व्यवस्था का शासक हो। यह इस्लाम की पारंपरिक और प्राचीन विचारधारा है, जिस पर बहुसंख्यक सुन्नी भरोसा करते हैं। दुनिया में आईएस के उभार के केंद्र में इस विचारधारा को रखा गया जब एक दशक पहले इस्लामी चरमपंथी संगठन आईएस ने इराक और सीरिया में अपने कब्जे वाले इलाकों में खिलाफत यानी इस्लामी राज्य का ऐलान किया। शिया मुसलमान इतिहास की इस व्याख्या को स्वीकार नहीं करते।

असद के जाने के बाद शिया गहरे दबाव में हैं। अलावी, इस्माइलिस और अन्य शिया सीरिया की आबादी का करीब तेरह फीसद हिस्सा हैं। बशर अल-असद सरकार के पतन से पहले उनकी शासन व्यवस्था में सकारात्मक स्थिति मौजूद थी। हयात अल-शाम को सुन्नियों का संगठन माना जाता है, यदि इस विद्रोही संगठन ने शियाओं को निशाना बनाने की कोशिश की तो सीरिया में ईरान और तुर्की के हित भी टकराएंगे। सीरिया में तुर्की ईरान की जगह ले सकता है।

सीरिया की बाईस मिलियन आबादी में से दसवां हिस्सा ईसाइयों का है। रूस खुद को बीजान्टिन साम्राज्य और उसकी रूढ़िवादी ईसाई धार्मिक विरासत के प्राकृतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखता है, जो सीरियाई रूढ़िवादी ईसाई चर्च से बहुत जुड़ा हुआ है। वहीं अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए भी रूस सीरिया में बने रहना चाहता है, जिससे वह पूर्वी भूमध्य सागर, दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका तक अपनी मौजूदगी को बढ़ा सके। भूमध्य सागर में रूस की रणनीति तीन प्रमुख लक्ष्यों पर केंद्रित है, भूमध्य सागर की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठा कर अपनी सुरक्षा में सुधार करना, भूमध्य सागर में अपनी स्थिति का उपयोग करके अमेरिका के लिए एक वैकल्पिक विश्व शक्ति के रूप में रूस की स्थिति को बढ़ाना और सीरिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना। रूस का काला सागर बेड़े के लिए एकमात्र भूमध्यसागरीय नौसैनिक अड्डा सीरिया के बंदरगाह शहर टार्टस में स्थित है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। अब अलावी समुदाय के लोग रूस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। सीरिया में रूस, तुर्की, ईरान, सऊदी अरब और अमेरिका का गहरा दखल है। तुर्की सीरिया की वर्तमान सुन्नी सरकार को समर्थन देकर कुदरे पर दबाव बढ़ा रहा है।

सीरिया में तुर्की की प्राथमिक रुचि उत्तरी सीरिया में कुर्द समूहों से लडऩे के लिए एक बफर जोन और एक पुलहेड बनाने की रही है। उत्तरी सीरिया के कुर्द बल में कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स मिलीशिया का दबदबा है। तुर्की इसे अपनी सीमा पर मौजूद खतरे की तरह देखता है। तुर्की कुदरे के एक हिस्से को आतंकवादी समूह बताता है। असद को ईरान का समर्थन हासिल था लेकिन अब तुर्की समर्थक सरकार बनने से मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। मोहम्मद अल-जुलानी को अपने देश में शांति की स्थापना के लिए विदेशी हस्तक्षेप को रोकना होगा और सभी वगरे से बातचीत कर सर्वमान्य सरकार बनाना होगा। फिलहाल, जुलानी आर्दोआन के हितों को आगे बढ़ा रहे हैं, और यह स्थिति सीरिया में गृह युद्ध की आशंका को बढ़ा रही है।

## तस्वीरों की दुनिया




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत 23,162 श्रमिक परिवारों को सिंगल क्लिक के माध्यम से 505 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की।



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



पूर्व रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने नई दिल्ली में संसद भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में संसद भवन में व्यापार सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्री माधवाचार्य द्वारा रचित सर्वमूल ग्रंथ की 750 साल पुरानी पांडुलिपि भेंट की, जिसे वेफरफिच तकनीक का उपयोग करके संरक्षित किया गया है।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या ने अपनी पत्नी शिवश्री के साथ नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भुवनेश्वर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# देर रात फिर आया म्यांमार में भूकंप, घबराकर घरों से निकले लोग



नेपीडॉ, 29 मार्च [एजेंसी]।

म्यांमार में केंद्रित एक शक्तिशाली भूकंप ने शुक्रवार को दक्षिण-पूर्व एशिया को हिलाकर रख दिया। वहीं, देर रात एक बार फिर म्यांमार में भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसके बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर आ गए। भूकंप रात 11.56 मिनट पर आया। रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता मापी गई। भूकंप निगरानी सेवाओं ने बताया कि कल देर रात को मध्य म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लोग शहर के मुख्य इलाके में सड़कों पर चलते हुए दिखाई दिए। भूकंप का असर बैंकॉक पर भी पड़ा। भूकंप के झटकों के बाद सैकड़ों लोग घबराकर थाई राजधानी में इमारतों से बाहर निकल आए। इससे पहले म्यांमार में शुक्रवार दिन में भूकंप के कारण 144 लोगों की मौत हो गई और 732 लोग घायल हो गए। भूकंप की वजह से म्यांमार और थाईलैंड में काफी नुकसान हुआ है। म्यांमार में सत्तारूढ़ सेना जुंटा ने कई क्षेत्रों में आपातकाल की घोषणा कर दी है। राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 7.7 थी और यह 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र म्यांमार के शहर मांडले से लगभग 17 किलोमीटर दूर था, जिसकी आबादी लगभग 15 लाख है।मांडले के एक निवासी ने कहा कि पूरे शहर में तबाही हुई है। एक अन्य ने कहा कि सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, फोन लाइनें बाधित हो गई हैं और बिजली नहीं है। म्यांमार नाउ ने तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें एक घंटाघर ढह गया है और मांडले पैलेस की दीवार का एक हिस्सा खंडहर में तब्दील हो गया है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक चाय की दुकान ढह गई थी और कई लोग अंदर फंस गए। हम अंदर नहीं जा सके। स्थिति बहुत खराब है। ताउंगू में एक व्यक्ति ने कहा, हम मस्जिद में नमाज पढ़ रहे थे जब भूकंप के झटके शुरू हुए.. तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि शान राज्य के औंग बान में एक होटल मलबे में तब्दील हो गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और 20 लोग फंस गए। एमआरटीवी ने बताया कि भूकंप से इमारतें गिर गईं, कारें दब गईं और राजधानी नेपीता में सड़कों पर बड़ी दरारें पड़ गईं। रेड क्रस ने कहा कि म्यांमार में सड़कें, पुल व इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और बड़े बांधों की स्थिति को लेकर चिंता है। भूकंप से थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। थाईलैंड में रक्षा मंत्री ने कहा कि बचाव दल मलबे के ढेर में बदल गई एक गगनचुंबी इमारत के मलबे में फंसे 81 लोगों की तलाश कर रहे हैं। बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सिट्टीपंट ने कहा कि इमारत के निर्माण स्थल पर तीन लोग मारे गए है।

## युद्धविराम तोड़ इजरायल की बेरूत पर एयर स्ट्राइक, हिजबुल्ला के ठिकानों को उड़ाया, मीलों दूर सुनी गई धमाकों की आवाज

**बेरूत 29 मार्च।** रायटर लेबनान में नवंबर 2024 से लागू युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए इजरायल ने राजधानी बेरूत पर भारी बमबारी की। इजरायली विमानों ने इस दौरान हिजबुल्ला के प्रभाव वाले उपनगर दाहिए की एक बहुमंजिली इमारत को निशाना बनाया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हमले की निंदा करते हुए इसे अन्याय बताया है। इस बमबारी की आवाज मीलों दूर तक सुनी गई और बेरूत के ऊपर काले धुंए का गुबार छा गया। अचानक हुए इस हमले से इलाके में भगदड़ मच गई और लोगों में भय व्याप्त हो गया है। इसी इलाके पर हमला कर इजरायल ने पिछले वर्ष हिजबुल्ला के दशकों तक प्रमुख रहे हसन नसरुल्ला और अन्य प्रमुख नेताओं को मारा था। इजरायली सेना ने कहा है कि ताजा हमले में हिजबुल्ला के ड्रोन गोदाम को निशाना बनाया गया है। कहा है कि अगर इजरायल पर हमले होंगे तो बेरूत भी सुरक्षित नहीं रहेगा। विदित हो कि 22 मार्च को और कल सुबह लेबनानी क्षेत्र से इजरायल पर राकेट दागे गए थे, उसी के बाद इजरायल ने हमला किया। हिजबुल्ला ने इजरायल पर राकेट हमलों की जिम्मेदारी से इनकार किया है। इससे पहले गाजा में गुरुवार को इजरायल के हवाई हमले में हमास का प्रवक्ता आब्देल लतीफ अल-कनुआ मारा गया। अल-कनुआ को जबालिया स्थित उसके टेंट में मारा गया। हमले में कई लोग घायल भी हुए हैं। यह जानकारी हमास के मीडिया विंग ने दी है।इजरायल ने इसी सप्ताह अलग-अलग हमलों में हमास की राजनीतिक शाखा के नेता इस्माइल बरहूम और सलाह अल-बार्दवील को भी मारा था। इजरायल ने दो महीने के युद्धविराम को खत्म करते हुए 18 मार्च को गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। इन हमलों में अभी तक 830 लोग मारे जा चुके हैं, इनमें से आधी संख्या महिलाओं और बच्चों की है।

## आंबेडकर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित, पीएम मोदी की चौतरफा तारीफ

**नई दिल्ली।** संविधान के निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फैसले की भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने जमकर सराहना की है।उन्होंने इस महत्वपूर्ण कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह देश के लिए डॉ. आंबेडकर के बहुमूल्य योगदान को परिलक्षित करता है।इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की गई पोस्ट में ठाकुर ने लिखा, संविधान के निर्माता व सामाजिक समानता के नायक बाबा साहब भीम राव आंबेडकर जी की जयंती पर राजकीय अवकाश की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय बाबा साहब आंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा व अनन्य सम्मान को दर्शाता है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी सरकार और प्रधानमंत्री के इस निर्णय की सराहना की। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने 14 अप्रैल को अवकाश की घोषणा की पुष्टि की है।

## पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान ऐतिहासिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर, नई सरकार के होंगे पहले विदेशी मेहमान

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच एक अहम रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर होने जा रहा है। हिंद महासागर में अपनी सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुटे भारत सरकार इसको लेकर काफी उत्साहित है। समझौता पीएम नरेन्द्र मोदी की आगामी कोलंबो यात्रा के दौरान होगी। थाईलैंड में बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद पीएम मोदी चार से छह अप्रैल, 2025 को श्रीलंका में होंगे। पीएम मोदी की इस यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, रक्षा सहयोग पर समझौता संभावित है। यह दोनों देशों के बीच इस तरह का पहला समझौता होगा। पीएम मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। पिछले वर्ष ही दिसानायका वहां के राष्ट्रपति बने हैं। नई सरकार के कार्यकाल में पीएम मोदी श्रीलंका की यात्रा करने वाले पहले विदेशी मेहमान होंगे। यह चार महीनों के भीतर दोनों नेताओं के बीच दूसरी उच्चस्तरीय बैठक होगी जो बता रहा है कि भारत अपने इस पड़ोसी देश के साथ संबंधों को लेकर कितना गंभीर है। वर्ष 2022 में श्रीलंका जब बेहद खराब आर्थिक समस्या में फंस गया था तब भारत ने उसे उबारने में काफी मदद की थी। मिसरी ने बताया कि, भारत श्रीलंका में एक इनर्जी हब बनाना चाहता है। इसमें कई तरह के ऊर्जा स्त्रोतों को शामिल किया जा सकता है।

## भारत-रूस ने शुरू किया छह दिवसीय नौसैनिक अभ्यास, नौसेना ने तैनात किए युद्धपोत राणा और कुठार



नईदिल्ली, 29 मार्च [एजेंसी]।

भारत और रूस ने शुक्रवार को चेन्नई तट पर छह दिवसीय नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। इस सैन्य अभ्यास इंद्र में रूसी नौसैनिक जहाज - पेचंगा, रेज्की और अल्दार त्सिडेंझापोव भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में नौसेना ने अपने युद्धपोत राणा, कुठार और समुद्री गश्ती विमान पी81 को तैनात किया है।यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। बंदरगाह चरण 28 से 30 मार्च तक चेन्नई में होगा जबकि समुद्री चरण 31 मार्च से दो अप्रैल तक बंगाल की खाड़ी में होगा। भारतीय नौसेना ने कहा कि 2003 में अपनी स्थापना के बाद से इंद्र अभ्यास दोनों नौसेनाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों का प्रतीक रहा है जो नौसैनिक परिचालन तालमेल को बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनका उद्देश्य समुद्री सहयोग को बढ़ाना, मैत्री संबंधों को मजबूत करना, सर्वोत्तम परिचालन प्रथाओं का आदान-प्रदान करना और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करना है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने सेना और वायुसेना के लिए 62,700 करोड़ रुपये की लागत से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड की खरीद के अब तक के सबसे बड़े सौदे को मंजूरी दी है। यह खरीदारी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से की जाएगी। एचएएल के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा। हेलीकॉप्टरों का निर्माण बेंगलुरु और तुमकुर स्थित संयंत्रों में किया जाएगा। यह सेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित लड़ाकू हेलीकॉप्टर है। यह पांच हजार से अधिक की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, यह निर्णय भारत की युद्ध क्षमताओं और रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला है। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय से 8500 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। यह वास्तव में भारत की मेक इन इंडिया यात्रा के लिए गौरव का क्षण है। मैं इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। एलसीएच को प्रचंड के नाम से भी जाना जाता है। 5.8 टन वजनी दो इंजन वाला यह हेलीकॉप्टर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दुश्मन के टैंकों, बंकरों, ड्रोन को नष्ट करने में सक्षम है।

इस हेलीकाप्टर में आधुनिक स्टेल्थ विशेषताएं, मजबूत कवच सुरक्षा और रात में हमला करने की अद्भुत क्षमता है। यह दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में भी उड़ान भरने में पूरी तरह सक्षम है। प्रचंड हवा से जमीन और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें दागने में भी सक्षम है। सीसीएस के निर्णय के बाद रक्षा मंत्रालय ने खरीद के लिए एचएएल के साथ दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। पहला अनुबंध भारतीय वायु सेना को 66 प्रचंड हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति के लिए है, जबकि दूसरा अनुबंध थलसेना के लिए 90 प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, एचएएल के साथ 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड की आपूर्ति के लिए प्रशिक्षण और अन्य संबंधित उपकरणों के साथ 62,700 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए।

## पिता के कारण डिप्रेशन में थी दिशा सालियान मुंबई पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट में खुलासा



मुंबई, 29 मार्च [एजेंसी]।

दिशा सालियान मौत मामले में मुंबई पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट में इसे आत्महत्या बताया गया है और कहा गया है कि वह अपने पिता द्वारा उसके धन का दुरुपयोग करने सहित विभिन्न कारणों से अवसाद से जूझ रही थी। दिशा सालियान अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। पुलिस के अनुसार, उन्होंने आठ जून, 2020 को उत्तरी मुंबई के मलाड इलाके में जनकल्याण नगर में अपनी इमारत की 12वीं मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। घटना की जांच करने वाली मालवणी पुलिस द्वारा क्लोजर रिपोर्ट चार फरवरी, 2021 को एक वरिष्ठ अधिकारी को प्रस्तुत की गई।अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत मालवणी पुलिस ने उसके दोस्तों और कुछ गवाहों के बयान दर्ज किए, जिसमें पता चला कि वह कुछ असफल परियोजनाओं, दोस्तों के साथ गलतफहमी और अपने पिता द्वारा उसके पैसों के दुरुपयोग के कारण अवसादग्रस्त थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन अभिनेताओं के बयान भी दर्ज किए हैं जिनसे दिशा सालियान अपनी कंपनी की ओर से संपर्क कर रही थीं। मामला राजनीतिक दलों के बीच तीखी खींचतान में उलझने के बाद मुंबई पुलिस ने एक विशेष जांच दल गठित किया, हालांकि इसकी रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है। पिछले हफ्ते, उसके पिता सतीश सालियान ने बांबे हाई कोर्ट का रुख किया और जून 2020 में उन रहस्यमय परिस्थितियों की नए सिरे से जांच की मांग की, जिनमें वह मृत पाई गई थी। उन्होंने हाई कोर्ट से शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश देने का भी आग्रह किया।

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने आरोप लगाया कि शिवसेना (यूबीटी) दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान को बदनाम कर रही है। निरुपम ने मांग की कि मुंबई पुलिस दिशा सालियान की मौत पर क्लोजर रिपोर्ट के पीछे की सच्चाई को उजागर करें। निरुपम ने शिवसेना (यूबीटी) पर मामले को दबाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया, क्योंकि उस समय उद्धव ठाकरे राज्य के मुख्यमंत्री थे। पूर्व सांसद ने पूछा कि क्या मालवणी पुलिस ने ठाकरे के दबाव में मामले को दबाने की कोशिश की और बयानों को फिर से दर्ज करने की मांग की।

## हिसार एयरपोर्ट पर उतरा विमान, ट्रायल सफल, दिया वाटर सैल्यूट, अयोध्या के लिए उड़ेगी पहली फ्लाइट

हिसार, 29 मार्च [एजेंसी]।

महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट पर एलायंस एयरलाइंस का पहला सफल ट्रायल शुक्रवार को हुआ। 72 सीटर एटीआर-72600 विमान उतारा गया। विमान उतरने पर वाटर सैल्यूट दिया गया। विमान लेकर कैप्टन कृष्ण मोदी और मोहित शुक्ल पहुंचे।उनकी तरफ से विमान की लैंडिंग को बेहद सुगम बताया गया है। विमान के ट्रायल के बाद विधानसभा सदन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सफल ट्रायल की जानकारी दी। दूसरी तरफ 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिसार पहुंचेंगे। वह एयरपोर्ट से उत्तर प्रदेश के अयोध्या सहित पांच राज्यों के विमान को रवाना करेंगे।इसके साथ शंख के आकार के नए टर्मिनल का शिलान्यास भी कर सकते हैं। एयरपोर्ट प्रांगण में ही जनसभा भी आयोजित की जाएगी। जनसभा को लेकर मैदान को साफ करने का काम शनिवार से शुरू हो जाएगा।हिसार एयरपोर्ट का 7,200 एकड़ में निर्माण किया जा रहा है। इसमें 2,988 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र डेवलप किया जाएगा।



सरकार की तरफ से हिसार एयरपोर्ट से पांच राज्यों के लिए उड़ान शुरू करनी है। उसी को लेकर 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिसार आ रहे हैं। उड़ान से पहले एलायंस एयरलाइंस ने अपना पहला ट्रायल करते हुए 72 सीटर विमान को उतारा। विमान कुछ देर रूकने के बाद वापस चला गया। महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट पर दोपहर करीब एक बजे ट्रायल का एटीआर-72600 विमान उतारा गया। यह विमान कंपनी का है जिसकी तरफ से उड़ान शुरू की जानी है। विमान के उतरने पर हिसार एयरपोर्ट पर वाटर सैल्यूट दिया गया। यह तब दिया जाता है जब कोई विमान पहली बार हवाई पट्टी पर उतरता है।

ट्रायल पूरा होने के बाद अब विमान उड़ाने का रास्ता साफ हो गया है।महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर एलायंस एयर के यात्री विमान को लेकर कैप्टन कृष्ण मोदी और मोहित शुक्ला पहुंचे। उन्होंने बताया कि एलायंस एयर के जिस विमान से ट्रायल लैंडिंग करवाई गई है, वह 72 सीटर एटीआर-72600 विमान है।इस ट्रायल लैंडिंग के उपरांत हिसार से अयोध्या व अन्य स्थलों के लिए नियमित यात्री विमानों का संचालन किया जा सकेगा। हिसार एयरपोर्ट पर पहला जहाज अयोध्या के लिए उड़ेगा। इसमें 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रवाना करेंगे। विमान के उड़ान भरने के साथ चंडीगढ़, अहमदाबाद, जयपुर और जम्मू के लिए हवाई सेवा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा सदन में विमान के सफल उड़ान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार एयरपोर्ट का सफल ट्रायल हो गया और अब 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा आएंगे।

## विदेश सचिव मिसरी ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री से की फोन पर बात, भारत आने का दिया निमंत्रण

नईदिल्ली, 29 मार्च [एजेंसी]।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से घोषित टैरिफ लागू होने से कुछ दिन पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से बात की। इसमें व्यापार, रक्षा और प्रवास के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष पारस्परिक चिंता के मामलों पर बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए। इस दौरान मिसरी ने भारत-अमेरिका रणनीतिक हितों के गहन जुड़ाव को रेखांकित किया। साथ ही दोनों ने बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा और



प्रौद्योगिकी सहयोग और गतिशीलता और प्रवास से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। मिसरी ने लैंडौ को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि दोनों ने निष्पक्ष और संतुलित द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में आने वाली बाधाओं को कम करने, रक्षा व प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करने तथा पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा व समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जारी प्रयासों पर चर्चा की। लैंडौ ने अमेरिका में अवैध आव्रजन की समस्या से निपटने में भारत की सहायता के लिए मिसरी को धन्यवाद दिया।

## कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने पीएम मोदी से की मुलाकात आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के मुद्दे पर हुई चर्चा



नईदिल्ली, 29 मार्च [एजेंसी]।

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और आवारा कुत्तों से संबंधित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं का मुद्दा उठाया। बैठक के दौरान चिदंबरम ने स्थानीय निकायों के साथ मिलकर समग्र, मानवीय और वैज्ञानिक समाधान के लिए राष्ट्रीय टास्क फोर्स गठित करने का सुझाव दिया। शिवगंगा से कांग्रेस सांसद और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के पुत्र कार्ति ने एक्स पोस्ट किया, प्रधानमंत्री से संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की।आवारा कुत्तों से संबंधित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी बढ़ती चिंताओं से उनका ध्यान आकृष्ट किया। भारत में आवारा कुत्तों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। अनुमान के अनुसार भारत में 6.2 करोड़ से अधिक आवारा कुत्ते हैं।कार्ति ने कहा कि विश्व में रैबीज से संबंधित मौतों में से 36 प्रतिशत भारत में होती है। पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम, 2023 लागू होने के बावजूद इसके कार्यान्वयन का असर नहीं हो रहा है। कार्ति ने कहा, स्थानीय निकायों के पास इस मुद्दे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संसाधन, धन और प्रौद्योगिकी का अभाव है।

## मालदा में हिंसा के बाद इंटरनेट बंद, BSF ने संभाला मोर्चा, अब तक 34 लोग गिरफ्तार

मालदा, 29 मार्च [एजेंसी]।

बंगाल के मालदा जिले में लगातार दूसरे दिन हिंसा के बाद बीएसएफ ने मोर्चा संभाल लिया है। हिंसाग्रस्त विभिन्न इलाकों में भारी संख्या में केंद्रीय बल के जवानों की तैनाती की गई है। विभिन्न स्थानों पर बीएसएफ की टुकड़ियां गश्त कर रही हैं। मोथाबाड़ी में सांप्रदायिक हिंसा की आग जिले में अन्य स्थानों पर पहुंचने लगी है। शुक्रवार को यहां हिंसा उस समय भड़क गई जब एक दिन पहले हुई हिंसा के विरोध में दूसरे पक्ष के लोगों ने प्रदर्शन शुरू किया।गुरुवार को दंगाईयों ने कई हिंदुओं की दुकानों और घरों को निशाना बनाया था। पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई थी। इसी के विरोध में जिले के इंग्लिश बाजार थाना इलाके के बांधापुकुर मोड़ पर काफी संख्या में लोग पहुंचे और सड़क जाम



कर दिया। पुलिस ने सड़क जाम हटाने की कोशिश की, तो उनपर हमला कर दिया गया। पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई।

पत्थरबाजी भी की गई। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले भी दागे। उसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।जिले के तीन इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई है। मालदा के पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव के अनुसार अब तक 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में 6 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 5 स्वतः संज्ञान लेते हुए दर्ज किए गए हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को 3 अप्रैल तक हिंसा पर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि मामले से जुड़ी संवेदनशीलता को देखते हुए यह उम्मीद की जाती है कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए और ऐसी हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

वरिष्ठ भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा, ममता बनर्जी का प्रशासन प्रभावित हिंदू दुकानदारों और उनके परिवारों को उनके नुकसान का आकलन करने और उनकी मदद करने से क्यों रोक रहा है। इलाके में भारतीय दंड संहिता की धारा 163 क्यों लगाई गई है। पुलिस महानिरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि राज्य सशस्त्र पुलिस और आरएएफ की तीन कंपनियां कालियाचक ब्लॉक के संवेदनशील इलाकों में निगरानी रख रही हैं।

## खरीफ फसल के लिए मिलता रहेगा सस्ता फर्टिलाइजर, 37 हजार करोड़ की सब्सिडी को हरी झंडी

**नई दिल्ली 29 मार्च।** आगामी खरीफ फसल के लिए भी किसानों को सस्ता उर्वरक मिलता रहेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फास्फेटिक और पोटासिक (पीएंडके) उर्वरकों पर खरीफ सीजन के लिए 37,216 करोड़ रुपये की सबसिडी पर मुहर लगा दी। इससे उर्वरकों और अन्य तत्वों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ रही कीमतों का किसानों पर असर नहीं होगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार एनपीकेएस ग्रेड सहित पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी खरीफ सीजन 2025 के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को सस्ती कीमतों पर इन उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।दरअसल सरकार उर्वरक निर्माताओं/आयातकों के जरिए किसानों को सब्सिडी वाले मूल्यों पर पीएंडके उर्वरकों के 28 ग्रेड उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने किसान हितैषी दृष्टिकोण के अनुसार किसानों को सस्ती कीमतों पर पीएंडके उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार उर्वरक कंपनियों को स्वीकृत और अधिसूचित दरों के अनुसार सब्सिडी प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को सस्ती कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जा सकें।

# पोछा लगाने के पानी में मिला लें ये 4 चीजें, शीशे की तरह चमक उठेगा आपका फर्श ,मक्खियां रहेंगी कोसों दूर

बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने घर में हर रोज झाड़ू लगाते हैं. ऐसा करने से न सिर्फ फर्श साफ रहता है बल्कि उस पर बैक्टीरिया भी नहीं पनपते हैं. हालांकि गर्मियों में मक्खियां ज्यादा होती हैं. ऐसे में मक्खियों से बचने के लिए रोजाना पोछा लगाना जरूरी हो जाता है. बता दें, पोछा लगाने से घर अच्छी तरह साफ हो जाता है. वहीं, फर्श को रोजाना साफ करना जरूरी है, खासकर ऐसे घर में जहां बच्चे हों. इसके अलावा पूरे घर को इस तरह से साफ करना चाहिए कि उसमें से अच्छी खुशबू आए. इसके लिए जानें पोछा लगाने वाले पानी में क्या मिलाएं...

बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा चिकना और गैर चिकना दोनों तरह के दागों को हटा सकता है, फर्श पर कई तरह के चिकने दाग होते हैं. वहीं, गर्मी के मौसम में तरबूज और आम जैसे फलों का रस अगर फर्श पर गिर जाए तो वह चिकना हो जाता है, क्योंकि इनमें मौजूद चीनी और अन्य तत्व फर्श पर फैलकर चिपचिपा बना देते हैं. वहीं, फर्श पर चिकनापन होने के कारण यह कीड़े-मकोड़ों, चींटियों और मक्खियों को आकर्षित कर सकता है. इसलिए इन चिकने दागों को हटाने के लिए पोछा लगाने वाले पानी में बेकिंग सोडा जरूर मिलाएं. इससे पोछा लगाने से चिकनाई, तेल और ग्रीस के दाग जल्दी हटाने में मदद मिलेगी.

नींबू का रस

नींबू का रस विटामिन सी से भरपूर होता है. एक नेचुरल सफाई एजेंट के रूप में यह अद्भुत काम करता है. इसमें हाई माइक्रोबियल प्रॉपर्टीज भी होते हैं. इसलिए इसमें बैक्टीरिया को मारने की शक्ति होती है. यदि आप फर्श पोंछने के लिए पानी में नींबू का रस मिला लें तो इससे न केवल अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बैक्टीरिया भी मर जाएंगे. दो नींबू का रस आधी बाल्टी पानी में मिलाकर पोंछा लगा लें. इससे अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं.

वेजिटेबल ऑयल

ऐसे कई तेल हैं जिनकी खुशबू अच्छी होती है, जैसे पेपरमिंट तेल और नींबू का तेल आदि. आधी पानी से भरी बाल्टी में दो बड़े चम्मच इन में से किसी एक तेल को तेल डालें और अच्छी तरह मिला लें. फिर इस पानी से फर्श को पोंछें. इससे पूरा घर खुशबू से महक उठेगा और यह बैक्टीरिया को भी दूर भगाने में मदद करता है.



इस तरह से फर्श पर पोछा लगाने से मक्खियां भी घर से दूर रहेंगी.

सिरका

सिरके का उपयोग घर की सफाई के लिए भी किया जा सकता है. इसके लिए आधा बाल्टी पानी में एक चौथाई कप सिरका डालकर अच्छी तरह मिला लें और इस पानी से अपने घर की फर्श को पोछें. ऐसा करने से इससे चिकनाई हट जाएगी और अच्छी खुशबू आएगी. सिरके वाला पानी रसोईघर की सफाई के लिए अद्भुत माना जाता है। एक बार सिरके का प्रयोग करके देखें. आप समझ जायेंगे कि यह कितनी अच्छी तरह काम करता है.

कम पानी नहीं ज्यादा मात्रा में पानी लेकर पोछा लगाएं-घर को साफ रखने के लिए आपको ज्यादा पानी से पोछा लगाना पड़ता है. कुछ लोग कम पानी से पोछा लगाते हैं. वे एक बार में ही पूरा कमरा साफ कर देते हैं या फिर पोछा पानी में डुबोकर कमरे में दो या तीन बार पोछा लगाते हैं. ऐसा करने से धूल हट जाती है लेकिन बैक्टीरिया और मक्खियां घर में नहीं जा पाते हैं. इसलिए, हमेशा पोछे में अधिक पानी डालकर फर्श साफ करें.



## द भूतनी:29 मार्च को रिलीज होगा ट्रेलर

संजय दत्त और मौनी रॉय अपनी हॉरर-एक्शन कॉमेडी फिल्म द भूतनी की रिलीज के लिए कमर कस रहे हैं और मेकर्स ने पिछले महीने फिल्म का दिलचस्प टीजर रिलीज किया था. हाल ही में खबर आई थी कि फिल्म का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर 29 मार्च, 2025 को मुंबई में एक ग्रैंड इवेंट में रिलीज किया जाएगा. अब मेकर्स ने द भूतनी के ट्रेलर की ऑफिशियल डेट कंफर्म कर दी है. साथ ही फिल्म से संजय दत्त और मौनी रॉय के दिलचस्प किरदारों के पोस्टर भी रिलीज कर दिए हैं.

मेकर्स ने फिल्म से संजय दत्त का पहला लुक पोस्टर रिलीज किया जिसमें उन्हें बाब के रूप में दिखाया गया है. पोस्टर में उन्हें एक पेड़ की शाखाओं से बंधा हुआ दिखाया गया है, जबकि उनके हाथ में दो तलवारें हैं जो आग की लपटों में घिरी हुई हैं. पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, जिनसे भूत, प्रेत, जिन और पिशाच भी जाएंगे डर के भाग, बाबा लगाएंगे सबकी वाट.

## सावित्रीबाई फुले का किरदार पर्दे पर निभाना बड़ी जिम्मेदारी थी : पत्रलेखा



अभिनेत्री पत्रलेखा की अपकमिंग बायोपिक 'फुले' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ। फिल्म में अभिनेत्री सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पर्दे पर सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना, उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी थी और उनका यह सफर भावनाओं से भरा रहा। इसे एक परिवर्तनकारी और बेहद प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए, पत्रलेखा ने कहा कि समाज सुधारक की भूमिका निभाना उनके लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी, उन्होंने उनके संघर्ष, ताकत और विरासत को पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया, जब मुझे इस भूमिका के लिए संपर्क किया गया, मेरे विचार स्पष्ट थे। जब मैंने पहली बार अनंत सर से बात की, तो उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, जो काफी बड़ी थी। मुझे याद है कि मैंने उन्हें फोन करके कहा था, सर, यह स्क्रिप्ट बहुत बड़ी है। मेरे पास पढ़ने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उन्होंने मुझे आश्वस्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ पहला ड्राफ्ट है और वे इसे और बेहतर बनाएंगे। डेढ़ साल बाद, मुझे अंतिम स्क्रिप्ट मिली और यह खूबसूरती से लिखी गई थी। मैं मना नहीं कर सकी। मुझे बस इतना पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले के रूप में चुने जाने पर अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया के बारे में भी बताया, उन्होंने स्वीकार किया कि वह इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्साहित और चिंतित दोनों थीं। अभिनेत्री ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैं तुरंत ही इस किरदार की ओर आकर्षित हो गई। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक शख्सियत का किरदार निभाने के बारे में नहीं था।

# वास्तु के अनुसार घर में वॉशिंग मशीन किस दिशा में रखनी चाहिए?

वास्तु शास्त्र में हर वस्तु के लिए एक स्थान निर्धारित किया गया है. जब ये चीजें सही दिशा या स्थान पर नहीं होती हैं, तो उस घर की सकारात्मक ऊर्जा प्रभावित होने लगती है. इसका नकारात्मक प्रभाव घर और उस घर के सदस्यों पर पड़ता है. आजकल वॉशिंग मशीन हर किसी के लिए जरूरी हो गई है. लेकिन वास्तु के अनुसार अगर हम घर में वॉशिंग मशीन रखते हैं, तो कई लोगों को यह नहीं पता होता है कि इसके लिए कौन सी दिशा सबसे अच्छी है. हालांकि, कई लोग वास्तु की सही समझ न होने के कारण वॉशिंग मशीन को गलत दिशा में रख देते हैं. इससे घर के वास्तु पर गंभीर असर पड़ता है. इसलिए वास्तु विशेषज्ञों का कहना है कि घर में वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा जानना बहुत जरूरी है, खबर के माध्यम से जानें घर में वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा क्य है

वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा क्या है?

दुनियाभर में कई लोग हैं जो वास्तु को मानते हैं और अपने घर में



हर चीज वास्तु के हिसाब से रखते हैं. ऐसे में कहा जाता है कि घर में हर चीज वास्तु के हिसाब से होनी चाहिए. वास्तु के अनुसार घर में वॉशिंग मशीन का सही दिशा में होना बहुत जरूरी है. क्योंकि इससे उस घर से नकारात्मकता दूर रहती है. सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है. वास्तु शास्त्र के अनुसार वॉशिंग मशीन को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखने से वास्तु दोष खत्म हो जाता है. इस तरीके को अपनाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है. इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है. अगर आप ऐसी सावधानियां नहीं बरतते हैं और वास्तु शास्त्र का पालन नहीं करते हैं तो आपको कई मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. वॉशिंग मशीन को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना चाहिए क्योंकि यह मशीन आदि के लिए सबसे अच्छी दिशा मानी जाती है.

सरल शब्दों में समझे तो वास्तु शास्त्र के अनुसार, वॉशिंग मशीन रखने के लिए आदर्श दिशा दक्षिण-पूर्व या उत्तर-पश्चिम दिशा है, जबकि उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से बचना चाहिए.



## कैमरे में कैद हुआ अवनीत कौर का हॉट लुक मिनि स्कर्ट पहन एक्ट्रेस ने दिए सिजलिंग पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी ग्लैमरस और स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

अवनीत कौर की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने चेक लुक में शर्ट पहनी हुई है, जिसके साथ उन्होंन बेज कलर के लुक में स्कर्ट पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं।

बालों को स्टाइलिश पोनीटेल लुक देकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये किलर अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक अंदाज में कहर ढाती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -001


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



## बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट ने तोड़ा दम

अभिनेता जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 13 दिन पूरे हो गए हैं। यह फिल्म होली के दिन यानी 14 मार्च को दर्शकों के बीच आई थी। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है।

## आखिरकार सिनेमाघरों में धमाल मचाने को तैयार चिरंजीवी की विश्वंभरा, 22 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म!



चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विश्वंभरा को लेकर भी सुर्खियों में हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का टीजर पहले ही जारी हो चुका है, जिसे दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली थी। हालांकि, चिरंजीवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म विश्वंभरा पहले ही अपने तय समय से पीछे चल रही है। वहीं, अब इस फिल्म पर नया अपडेट सामने आया है। दरअसल, विश्वंभरा पहले संक्रांति 2025 पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन राम चरण की फिल्म गेम चेंजर को रास्ता देने के लिए चिरंजीवी की फिल्म को आगे खिसका दिया गया था। साथ ही फिल्म में देरी का अन्य बड़ा कारण टीजर को मिली नकारात्मक प्रतिक्रिया थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, दर्शकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए चिरंजीवी ने टीम से वीएफएक्स को बेहतर बनाने को कहा। वहीं अब अब फिल्म की नई रिलीज की तारीख पर विचार किया जा रहा है। पहली देरी के बाद विश्वंभरा के निर्माता मई 2025 में रिलीज की उम्मीद कर रहे थे। हालांकि, अधूरे ग्राफिक काम के कारण यह अब तय नहीं है। अच्छे दृश्य पर काम करने के लिए टीम ने कथित तौर पर अवतार के पीछे की टीम को यह काम सौंप दिया है। वहीं, अब फिल्म को लेकर ताजा चर्चा है कि निर्माता ने विश्वंभरा को चिरंजीवी के जन्मदिन पर यानी 22 अगस्त, 2025 को रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, इन खबरों पर अभी फिल्म के निर्माताओं या अभिनेताओं ने चुप्पी नहीं तोड़ी है। फिल्म की रिलीज पर आधिकारिक मुहर का इंतजार है। हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में 13 अलग-अलग सेटों विश्वंभरा का निर्माण हुआ है।

# बरसात के पानी को सहेजने के लिए होगी कोशिश


## जिला प्रशासन ने चौपाल लगाकर लोगो को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया, विशेष अभियान की शुरूआत के दौरान काफी संख्या में लोग रहे मौजूद

**कोरिया बैकुंठपुर।** बरसात के पानी को सहेजने और जल संकट से निपटने के लिए कोरिया जिला प्रशासन ने जनभागीदारी आधारित पहल आवा पानी झोंकी शुरू की। ग्राम पंचायत पोटेडांड में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, ग्राम पंचायत पोटेडांड और ग्राम पंचायत डोहड़ा के सरपंच व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस अभियान के तहत ग्रामीणों ने अपने घरों से पानी लाकर जामुन के पेड़ के नीचे मिट्टी का घेरा बनाकर जल संचयन का अभ्यास किया, जिससे यह संदेश दिया गया कि अगर समय रहते बरसात के पानी को रोका जाए, तो भूजल स्तर को बनाए रखा जा सकता है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जल ही जीवन है और इसे बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। वर्षा जल को बहने देने की बजाय, अगर हम इसे संरक्षित करें, तो जल संकट की समस्या से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में छोटे-छोटे तालाब, कुएं और परंपरागत जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करना जरूरी है, ताकि बारिश का पानी बर्बाद न हो। उन्होंने नारी और पानी के संबंध पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं घर और खेतों में पानी का अधिकतम उपयोग करती हैं, इसलिए जल संरक्षण में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने सभी से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की अपील की। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि बरसात का पानी ही भूजल का सबसे बड़ा स्त्रोत है। अगर हम इसे रोकने और संरक्षित करने की दिशा में प्रयास करें, तो सूखे और जल संकट से बच सकते हैं। कलेक्टर, सीईओ सहित विभिन्न अधिकारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीण को जल संरक्षण व जल संवर्धन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशासन की इस पहल को जल संचयन और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने में मददगार साबित होगा। ग्रामीणों ने इस अभियान की सराहना की और जल संरक्षण का संकल्प लिया।







# राज्यपाल ने पर्यटन डायरी व पक्षी ब्रोशर का विमोचन

### कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के फोटोग्राफी कौशल की सराहना

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के कलेक्टरेट सभाकक्ष में विगत दिनों राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के पर्यटन स्थलों पर आधारित डायरी 2025 और पक्षी प्रेमियों के लिए विशेष रूप से तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के फोटोग्राफी और पक्षी प्रेम की सराहना की। डायरी में जहां जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों की तस्वीरों को स्थान दिया गया है, वहीं ब्रोशर में कोरिया जिले में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों की शोधपरक जानकारी दी गई है। विशेष रूप से कलेक्टर चंदन त्रिपाठी द्वारा खींची गई पक्षियों की दुर्लभ तस्वीरें इस ब्रोशर की खास विशेषता हैं।

राज्यपाल रमेन डेका ने ब्रोशर की प्रशंसा करते हुए कहा, यह एक बेहतरीन संकलन है, जिसमें पक्षियों की विविधता को बहुत ही रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और पक्षी प्रेम को प्रोत्साहित करेगा। कोरिया जिले के मिश्रित वन, साल वृक्षों की बाहुल्यता वाले जंगल और जलस्त्रोत अनेक पक्षियों को प्राकृतिक आश्रय प्रदान करते हैं।



जिले के सोनहत वन क्षेत्र, टाइगर रिजर्व, बालमपहाड़ी, बाघ खैरी, झुमका, फूलपुर गेज, छिंदडांड जैसे स्थान प्रवासी और स्थानीय पक्षियों का प्रमुख ठिकाना हैं।

यहाँ जंगली उल्लू, कठफोड़वा, नीलकंठ, बुलबुल, बोनेली का चील, कॉमन पोचार्ड, इंडियन व्हाइट आई, लिटिल ग्रेब, नॉर्दन पिनटेल जैसी कई दुर्लभ प्रजातियां देखी जा सकती हैं। ई-बर्ड वेबसाइट के अनुसार, छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में लगभग 243 पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं, जो इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती हैं। पक्षी प्रेमियों और पर्यावरणविदों के लिए यह ब्रोशर एक अनूठी जानकारी का स्त्रोत साबित होगा। बता दें कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी न केवल एक कुशल प्रशासक बल्कि एक उत्कृष्ट फोटोग्राफर और बर्ड लवर के रूप में भी पहचानी जाती हैं। उनके द्वारा कैमरे में कैद की गई पक्षियों की तस्वीरें जिले की जैव विविधता को और अधिक पहचान दिलाने में मदद करेंगी। यह ब्रोशर न केवल पर्यटकों को कोरिया जिले की पक्षी संपदा से अवगत कराएगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों को भी पक्षी संरक्षण के प्रति प्रेरित करेगा। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कलेक्टर को उनकी सृजनात्मकता और पर्यावरण के प्रति योगदान के लिए विशेष बधाई दी।

### फॉलो वाहन की ठोकर से अधेड़ महिला की मौत

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के सरगुजा प्रवास के दौरान मैनपाट के उल्टापानी में उनकी सुरक्षा में लगी फॉलो वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल 55 वर्षीया महिला की अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है. मृतक महिला का नाम सुन्नी मझवार पति नान साय मझवार बताया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा की स्थिति बन गई जिसके बाद जिला प्रशासन व पुलिस की भारी व्यवस्था लगा दी गई है ताकि कोई विवाद की स्थिति ना बन सके. वही मृतक के परिजनों का आरोप है कि मृतक महिला की मौत के बाद भी उसको आईसीयू से बाहर नहीं निकाला गया और उनके साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सकों ने दुर्व्यवहार किया है. परिजन मुआवजा की मांग कर रहे हैं. दरअसल 27 मार्च को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय सरगुजा प्रवास के दौरे के तहत कल 27 मार्च को वे मैनपाट में पहुंचे जहां उल्टा पानी क्षेत्र का भ्रमण करने के पश्चात जब उनका काफिला निकाल इसी दौरान उनके काफिले के सातवें नम्बर की गाड़ी की चपेट में एक 55 वर्षीय महिला आ गई जिससे उसे गंभीर चोटें आई. घायल महिला को रात में ही मेडिकल कॉलेज अबिकापुर में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक महिला के परिजनों का आरोप है कि रात में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा उसे जबरदस्ती ही आईसीयू में रखा गया था और इलाज के नाम पर उन्हें डेड बॉडी नहीं दी जा रही थी. मृतकक परिजनों का यह भी कहना है कि चिकित्सकों ने उनके साथ ना सिर्फ दुर्व्यवहार किया बल्कि कागजात में दस्तक करने का दबाव भी बनाया गया और कहां गया था कि पोस्टमार्टम करने के बाद चुपचाप अपने गांव डेडबडी को लेकर चलें जाएं. वही मुआवजा के रूप में तात्कालिक 25000 है परिजनों को दिया गया एवं अज्ञात वाहन की ठोकर से मृत्यु बताई जा रही है।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में संतोषी नगर बोरियाखुर्द निवासी भीमलाल साहू 43 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 ईए 4171 को तेलीबांधा मतस्य विभाग के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में कुसुम विहार कालोनी कबीरनगर निवासी मोहम्मद साहरूख 28 वर्ष ने कबीरनगर थाना में शिकायत की, कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 7562 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में ग्राम घिवरा निवासी गिरधारी फेकर 46 वर्ष ने खरोरा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीई 9277 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक के टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर।** ग्राम बंगोली कुरा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चुम्मन लाल साहू 36 वर्ष ग्राम सेमराडीह सुहेला का रहने वाला था। बताया जाता है कि चुम्मन अपनी एक्टिवा से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम बंगोली कुरा के पास ट्रक क्रमांक एमएच 16 एवाई 7165 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को ठोकर मार दिया। जिससे चुम्मन की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# करनी का तुरंत फल: चाचा की हत्या कर भाग रहा भतीजा कुएं में गिरा, हुई मौत





**बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने गुरुवार की रात सो रहे चाचा की गला दबाने के बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। इसके बाद वह भागने लगा। हड़बड़ी में वह घर के बाहर स्थित कुएं में गिर गया और डूब जाने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को बरामद किया। दोहरी घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बैकुठपुर सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम बंजारीडांड निवासी राय सिंह का अपने भतीजे बबलू सिंह से पुराना विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ चुका था कि भतीजे ने चाचा को मारने का प्लान बना लिया। इसी बीच गुरुवार की देर रात करीब 3 बजे वह चाचा के घर में घुसा। चाचा को सोते देख उसने पहले उसका गला दबा दिया फिर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। चाचा को मारने के बाद वह घर से भाग निकला। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बबलू सिंह चाचा के घर से भाग रहा था। इसी दौरान हड़बड़ाहट व अंधेरे के कारण उसे कुछ नहीं दिखा और घर के बाहर स्थित कुएं में जा गिरा। इससे उसकी भी मौत हो गई। मृतकों के परिजनों को जब यह बात पता चली तो घर में कोहराम मच गया। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत की खबर सुनकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। सूचना पर एएसपी पंकज पटेल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि विवाद के बाद आरोपी बबलू ने चाचा की हत्या कर दी और भागते समय कुएं में गिर जाने से उसकी भी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब दुकान से नकदी सहित लाखों रुपए

**रायपुर।** ग्राम गुल्लू स्थित शराब दुकान में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने 29 पेटी देशी शराब और नकदी 13 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उबारन दास पुरैना 34 वर्ष ग्राम गुल्लू का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने ग्राम गुल्लू स्थित शासकीय देशी विदेशी मदिरा दुकान के गेट को उखाड़कर अंदर प्रवेश किया और 29 पेटी देशी मदिरा मशाला और नकदी 13 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 66 हजार 120 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार का किस्त नहीं पटाया धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर।** आरोपी ने कार खरीदकर किस्त का रकम अदा नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पूरन लाल साहू 60 वर्ष पेंड्रावन सरसींवा का रहने वाला है। प्राथ्र्थी ने पुनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड से फायनेंस कराकर कार क्रमांक सीजी 23/ 2053 खरीदा था। जिसका 1 लाख 20 हजार रुपए शेष किस्त पटाना बाकी था। जिससे प्रार्थी ने अपनी कार को आरोपी दीपक वाधवानी को बेच दिया। आरोपी ने वाहन को खरीदने के समय शेष किस्त को स्वयं पटाने की बात कहीं, लेकिन नहीं पटाया। जब प्रार्थी के पास नोटिस आया तब उसे जानकारी मिली। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत राजेन्द्र नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# किसान से 1 लाख लूटकर फरार हो गए बाइक सवार 3 बदमाश, इलाज के लिए निकाले थे रुपए



**बलरामपुर।** वाड्रफनगर की ग्रामीण बैंक शाखा से शुक्रवार की दोपहर 1 लाख रुपए निकालकर घर पहुंचा किसान लूट का शिकार हो गया। दरअसल बैंक से ही रेकी कर रहे बाइक सवार 3 बदमाश उसका पीछा करते हुए घर तक पहुंचे और मौका पाकर रुपयों से भरा झोला लूटकर फरार हो गए। रास्ते में भी लुटेरों ने किसान पर मोमोज चटनी आंखों में फेंक कर वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो सके थे। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वाड्रफनगर नपं के वार्ड क्रमांक 11 निवासी किसान मोहन सिंह मरावी शुक्रवार को इलाज के लिए ग्रामीण बैंक से 1 लाख रुपए निकाल कर अपने घर जा रहा था। तभी बैंक से रेकी कर रहे बाइक सवार अज्ञात 3 युवक उसका पीछा करने में जुट गए। बताया जा रहा है कि रास्ते में बदमाशों ने अपने पास रखी मोमोज की तीखी चटनी किसान के आंखों में फेंक कर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। पहले प्रयास में असफल बदमाश पीछा करते हुए किसान के घर पहुंच गए। यहां जैसे ही किसान ने रुपयों से भरा झोला परिवार के सदस्य को देने की कोशिश की, मौका पाकर बदमाश उसे लूटकर तेजी से फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की खोजबीन कर रही है।

# युवती से पहले बनाया शारीरिक संबंध, फिर पत्थर से सिर कुचलकर कर दी थी हत्या, शादीशुदा प्रेमी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** कुसमी पुलिस ने डेढ़ वर्ष पूर्व हुए एक युवती के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए उसके शादीशुदा प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का मृतका से लंबे समय से अवैध संबंध था। इस बात को लेकर आरोपी का अपनी पत्नी से अक्सर घर में झगड़ा होता था। इसी वजह से घटना दिवस को आरोपी युवती को जंगल में ले गया, यहां शारीरिक संबंध बनाने के बाद पत्थर से कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम चैनपुर निवासी मान्दा पैकरा ने कुसमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी दिव्या उर्फ तोली 18 वर्ष 6 नवंबर 2023 को उमको मेला देखने गई थी। शाम तक घर वापस नहीं आने पर आस-पास तथा मेला स्थल सहित रिश्तेदारों के पास भी पता करने पर उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। इस मामले में पुलिस गुमशुदगी कायम कर युवती की तलाश में जुटी थी। इसी बीच 13 नवंबर 2023 को कतारी कोना जगल में नाले के



पास क्षत-विक्षत हालत में युवती की लाश मिली थी। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु हत्यात्मक लेख करने पर धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की खोजबीन की लेकिन कुछ खास सफलता नहीं मिली। अभी कुछ दिनों पूर्व अपराध समीक्षा बैठक के दौरान एसपी वैभव बेंकर ने इस प्रकरण में नए सिरे से जांच करने के कलिए थाना प्रभारी कुसमी ललित कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की। फिर पुलिस टीम द्वारा मामले की नए सिरे से सघन जांच विवेचना शुरू की गई। इसी दौरान पुलिस ने संदेही चैनपुर निवासी रविशंकर पैकरा उर्फ भगत् पिता सुरेश पैकरा 34 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने युवती की हत्या की बात स्वीकार की। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार यादव, प्रधान आरक्षक प्रांजुल कश्यप, प्रताप टोप्पो, सुकेश एक्का, धीरेन्द्र चन्देल, आरक्षक कामेश्वर पैकरा, मनोज लकड़ा, मनोज कुजूर, अनिल पैकरा व रूपेश मिंज शामिल रहे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी शादीशुदा है। उसका युवती के साथ लंबे समय से अवैध संबंध था। इस बात को लेकर आरोपी को घर में पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों से आए दिन झगड़ा होता था। घटना दिनांक 6 नवंबर 2023 को युवती 6 बजे बजे उमको मेला देखकर वापस आ रही थी। तभी आरोपी रविशंकर उसे ऑटो में बैठाकर कतारी कोना जंगल में नाला के पास ले गया। यहां पहले उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस बीच युवती ने किसी बात को लेकर विरोध जताया तो आरोपी ने पास में रखे पत्थर से सिर पर कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद शव को वहीं छोड़क़र फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ऑटो वाहन को भी जब्त कर लिया है।

## एसईसीएल के सरायपाली प्रोजेक्ट में कोयला के कारोबार में एकाधिकार की खूनी जंग

# ट्रांसपोर्टर की हत्या, सब एरिया मैनेजर सहित 16 पर प्राथमिकी दर्ज, भाजपा नेता व दो सहयोगी गिरफ्तार

### पाली थाना प्रभारी को निलंबित किया

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोरबा एरिया की ओपन कास्ट कोल माइंस के साथ विवादों का पीछा छूटने का नाम नहीं ले रहा है। पिछली रात यहां कारोबारियों की दो गुट में टकराव ने हिंसक संघर्ष रूप ले लिया। इस चक्कर में एक कारोबारी रोहित जायसवाल की मौत हो गई। प्रकरण में सरायपाली के सब एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह सहित 16 को पुलिस ने आरोपी बनाया है। इनमें भाजपा के मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर और उसके दो करीबियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि 8 ने सरेंडर कर दिया है। तनाव की स्थिति देखते हुए संबंधित क्षेत्र में पुलिस लगाई गई है। इधर पाली थाना प्रभारी विनोद सिंह को सस्पेंड कर लाइन अटैच किया गया है।

पिछली रात 10 बजे यह घटना एसईसीएल की सरायपाली कोल माइंस में हुई। खबर के अनुसार कोयला के कारोबार में एकक्षत्र राज करने के लिए दो गुट काफी समय से आमने-सामने हो रहे थे। पिछले दिनों मनमानी इस कदर बढ़ गई कि जब एक टेक्निकल इंस्पेक्टर ने कार्रवाई की तो अधिकारियों ने उस पर ही नकेल कस दी और ट्रांसपोर्टर का पक्ष लिया। गजब तो तब हो गई जब इंस्पेक्टर को ही सरायपाली से हटाकर सुराकछार भेज दिया गया।



घटना के बाद स्थल पर पहुंची पुलिस व लोगों की लगी भीड़, इनसेट में मृतक रोहित जायसवाल

सूत्रों ने बताया कि सरायपाली में कोल ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों ने झारखंड के धनबाद और पश्चिम बंगाल की रानीगंज खदान के माहौल को यहां स्थापित करने के लिए कोशिश की और इस चक्कर में परिस्थितियां लगातार बिगड़ती गई। बताया गया कि पिछली रात्रि एमटीसी कंपनी ग्रुप के रोहित जायसवाल व अन्य लोगों के साथ दूसरे ग्रुप के लोगों का पहले लोडिंग को लेकर सरायपाली परियोजना के गेट पर विवाद हुआ। बाद में उनमें जमकर मारपीट हो गई। इस गैंगवार के दौरान हथियार के रूप में कत्ता, तलवार और बंदूक का इस्तेमाल भी हुआ, इस प्रकार का दावा किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि रोहित जायसवाल के सीने पर चाकूनुमा हथियार के साथ-साथ दूसरे हथियार का भी उपयोग किया गया, आखिरकार उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस गैंगवार में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें से दो को अस्पताल पहुंचाया जा सका। जबकि घटनास्थल से तीन लोग कथित तौर पर लापता बताए जा रहे हैं। कोरबा जिले में कोयला खदानों में कोयला के डीओ और अन्य कारण से मारपीट के साथ-साथ अन्य घटनाएं आए दिन होते रहती है। इसके पीछे अलग-अलग समूह की भागीदारी की बात उजागर होती रही है। सरायपाली से जुड़े प्रकरण को पुलिस ने गंभीरता से लेने का दावा किया। कहा जा रहा है कि परिस्थितियों की जानकारी होने और आवश्यक दखल नहीं देने को लेकर इस मामले में पाली थाना प्रभारी विनोद सिंह को निलंबित करने के साथ लाइन अटैच किया गया है। अब थाना को कौन संभालेंगे, इस बारे में अधिकृत आदेश जारी नहीं किया गया है।

### कार्रवाई करो तब होगा अंतिम संस्कार

सरायपाली के घटनाक्रम से मृतक कोयला कारोबारी रोहित जायसवाल के परिजन सहित लोग नाराज हैं। उन्होंने कहा है कि इस प्रकरण में जिन लोगों की सबसे प्रमुख भूमिका रही है उन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अभाव में रोहित के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस मामले को हर स्तर तक पहुंचाने की बात कही है। इससे लग रहा है कि आने वाले दिनों में सरायपाली में रोहित की मौत के मामले को और दूसरा रंग भी मिल सकता है।

### मंडल अध्यक्ष व रिश्तेदार गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार इस प्रकरण में पुलिस ने कुल 16 लोगों को आरोपी बनाया है जिनके खिलाफ बीएनएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शुरुआती तौर पर रोशन सिंह ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पाली, उसके भाई और भांजे की गिरफ्तारी भी की गई है। घटनाक्रम में प्रमुख रूप से जो लोग आरोपी बनाए गए हैं उनमें सरायपाली के सब एरिया मैनेजर एस.के.चौहान का नाम भी शामिल है।

### तीन साल पहले सोनू से मारपीट, नहीं हुई कार्रवाई

वर्ष 2022 में 23 फरवरी को सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना में भठोरा हरदीबाजार निवासी सुरेंद्र राठौर के साथ मारपीट, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी की घटना हुई थी। कोल पैप्स प्राइवेट लिमिटेड में शेयर होल्डर सोनू काम के सिलसिले में यहां आते-जाते रहे। घटना दिवस को बुड़बुड़ खदान के यार्ड नंबर-3 के पास दोपहर डेढ़ बजे एक राय होकर रोशन ठाकुर, गौरव, सौरभ श्रीवास, बलदेव ठाकुर, लाला और अन्य लोगों ने लाठी-डंडे से मारपीट की। घटना में उन्हें काफी चोट आई। श्रीकांत सोनकर, महावीर यादव व अन्य लोगों ने इस घटना को देखा। पाली थाना और एसपी को इस बारे में अवगत कराया गया जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## हिंदू नव वर्ष कल आयोजन मंदिरों में अनुष्ठान



**कोरबा।** विक्रम संवत 2082 के साथ रविवार से हिंदू नव वर्ष का एक नया अध्याय प्रारंभ होगा। नव वर्ष के स्वागत के लिए कोरबा और उपनगरी क्षेत्र के अलावा कटघोरा में विशेष सजावट की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्षेत्र प्रतिपदा को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। कोरबा नगरी क्षेत्र में दो संगठन शोभायात्रा निकालने की तैयारी में है। कटघोरा में इस प्रकार के आयोजन का यह शानदार दूसरा वर्ष होगा। नवरात्र की शुरुआत भी कल से हो रही है। जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे और जावरा बोये जाएंगे। दुर्गा सप्तशती और श्रीमद् देवी भागवत का पाठ भी 9 दिन तक मंदिरों में चलेगा।

### कई रूट पर सीधे ट्रेन चलाए कोरबा से

**कोरबा।** पावर सिटी कोरबा से राउरकेला, बीकानेर, रीवा और इंदौर के लिए सीधी ट्रेन संचालित करने संबंधित नागरिकों की मांग पर रेलवे ने संज्ञान तब नहीं लिया जब वह अमृत काल मना रहा है। रेलवे के इस रवैया से नागरिकों को सुविधा नहीं मिल पा रही हैं।

कोरबा से प्रतिवर्ष रेलवे को लगभग 2000 करोड़ का राजस्व मिल रहा है। ऐसे में जरूरत महसूस की जा रही है कि यात्री हित में कुछ कदम तो उठाए जाए जो सुविधाओं से संबंधित हैं। रेल संघर्ष समिति के संयोजक ने बताया कि प्रस्तावित ट्रेनों से काफी संख्या में नागरिकों को लाभ हो सकता है लेकिन रेलवे की रुचि नहीं है। समिति की ओर से इन ट्रेनों की व्यवहारिकता के बारे में स्पष्ट जानकारी दी गई है। दूसरी और नवरात्र पर्व को लेकर भी मांग होती रहेगी छत्तीसगढ़ के बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ और मां शारदा देवी धाम मैहर मध्य प्रदेश के लिए कोरबा से शुरू की जाए। इन स्थानों के लिए यात्रियों का आना-जाना साल भर बना होता है। सीधी ट्रेन की कमी होने से यात्रियों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि कम से कम अमृतकाल में यात्रियों का ध्यान रखना होगा।

### कांग्रेसी मिलेंगे डीआरएम से

**कोरबा।** कोरबा से रायगढ़ लोकल ट्रेन चलाने की मांग नागरिकों के द्वारा काफी दिनों से की जा रही है। बालपुर स्टेशन के निकट पटरी को सारागांव से जोड़ा गया है ताकि भविष्य में इस पटरी पर ट्रेन चलायी जा सके। कांग्रेस नेता श्यामनारायण सोनी ने कहा है कि इस क्षेत्र के नागरिक काफी दिनों से रायगढ़ के लिए ट्रेन चलाने की मांग कर रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेना होगा। कांग्रेस नेता दीपचंद केशरवानी ने भी कहा है कि नागरिकों की यह पुरानी मांग है। डीआरएम से मिलकर इस मामले को सामने रखा जाएगा। ताकि सुविधाएं मिल सके। वर्तमान में कोरबा के नागरिकों को चांपा जाना पड़ता है। इसके बाद यहां से ट्रेन बदलनी पड़ती है। इस क्षेत्र के कांग्रेसी रामगोपाल यादव, आबिद अख्तर सहित कई कांग्रेसियों ने इस मुद्दे पर डीआरएम से मिलने की बात कही है।

### 31 मार्च तक जमा होगी सदस्यता सूची

**कोरबा।** एसईसीएल में श्रमिक संगठनों द्वारा सूची जमा 31 मार्च तक की जानी है। आज कई संगठन सदस्यों की सूची जमा करेंगे। इसके बाद 31 मार्च को सूची जमा होगा। एसईकेएमसी के नवीन सिंह ने कहा है कि जितेन्द्र श्रीवास, शैलेष मसीह, मनोज कटेलिहा सहित अन्य सदस्य 31 मार्च को सूची जमा करेंगे। इसके अलावा जीएम शाखा में सुभाष सिंह भी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सूची बना रहे हैं। केएसएस के अनूप सरकार प्रवीण रजक द्वारा अपने सदस्यों से मिलकर पहले से ही रसीद काट चुके हैं। इसी तरह मानिकपुर में भी सूची बनाने का काम किया जा रहा है। यहां पर सुब्रत दास सुनीत शुक्ला प्रमोद बेनर्जी रामफल साहू ने सूची बना ली है। एसएमएस के छतराम मिरी का कहना है कि इस बार उनकी सदस्य संख्या में बढ़तोरी होगी। जबकि बीकेकेएमएस में संजय सिंह, ललीन पवार, मिनीलाल साहू व एसकेएमएस के राजू श्रीवास्तव, उज्ज्वल बनर्जी, राजेश दुबे मिलकर सूची बना रहे हैं।

### स्वास्थ्य कर्मियों के कमी का मुद्दा उठा

**कोरबा।** पताड़ी उरगा क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों में कर्मियों के मामले को जिला पंचायत की बैठक में जोरशोर से उठाया गया। जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत ने कहा कि इस क्षेत्र में जितने भी स्वास्थ्य केन्द्र है, वहां पर कर्मियों की कमी है। यहां के कर्मियों को अन्यत्र अटैच कर दिया गया है। उन कर्मियों को वापस लाया जाए ताकि इस क्षेत्र के मरीजों को परेशानी न हो। इसी तरह आंगनबाड़ी भवनों के किराये पर चलने के मामले को उठाया और कहा कि जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन नहीं है, उन स्थानों पर नए भवन बनाए जाए।

## बाइक रैली निकाली सिंधी समाज के यूथ विंग ने



**कोरबा।** वरुण देव के अवतार निशांत झूलेलाल महाराज का प्राकट्य उत्सव सिंधी समाज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को चेट्रिचन्द के रूप में मनाएगा। इससे पूर्व समाज के यूथ रिंग ने कोरबा में बाइक रेली निकाली। काफी संख्या में युवा इस रैली में शामिल हुए।

रानी रोड स्थित भगवान झूलेलाल के मंदिर में आज सुबह पूजा अर्चना करने के साथ इस रैली की शुरुआत हुई। आयोलाल झुलेलाल का जयघोष यहां किया गया। समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने बाइक स्कूटी रैली को रवाना किया। रैली में सहभागी लोग श्वेत वस्त्र में थे। वे भगवा टोपी लगाए हुए थे।

रानी रोड मुख्य मार्ग से होते हुए रैली ट्रांसपोर्ट नगर तक पहुंची । रास्ते में कई जगह सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। बताया गया कि इसके माध्यम से सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने एवं अपनी संस्कृति और परंपरा की जड़ों को कायम रखने का संदेश दिया गया है। समाज की ओर से जानकारी दी गई की झूलेलाल प्राकट्य दिवस पर रविवार को सुबह मंदिर में पूजा अर्चना और भजन संकीर्तन किया जाएगा। दोपहर में भंडारा होगा और शाम को विभिन्न कार्यक्रम भी किया। समाज के सभी बंधुओ से आयोजन में भागीदारी करने का आग्रह किया गया है।

### सिद्धाश्रम साधक परिवार मंत्र जाप करेगा नवरात्र पर



**कोरबा।** कल से चैत्र नवरात्रि पर्व शुरू हो रहा है। सिद्धाश्रम साधक परिवार भी अलग-अलग क्षेत्रों में ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित करते हुए मंत्रों का जाप शुरू करेंगे। पथर्रीपारा निखिलधाम में ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित किये जाएंगे। यहां पर आरएल साहू, धनीराम साहू, घनश्याम बरेठ, राधेलाल कर्ष तैयारी में लगे हुए है। पखना पारा भिलाई बाजार में भी ज्योतिकलश प्रज्जवलित किये जाएंगे। इसी तरह सिद्धाश्रम गेवरा बस्ती में भी कलश प्रज्ज्वलित होने के बाद मंत्र जाप होगें। ठरगपुर निखिल शक्तिपीठ में सवा लाख मंत्र जाप करने के बाद हवन किये जाएंगे। यहां एवन कश्यप द्वारा की जा रही है। कंचदा खामेश्वरी मंदिर में ताराचंद यादव के नेतृत्व में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये जा रहे हैं। सक्ती में प्रेम पटेल, सुदामा चंद्रा, राजू बरेठ द्वारा मंत्र जाप किये जाएंगे।

## ग्रामीण के घर मिला अवैध लकड़ी व फर्नीचर

### वन विभाग ने किया जब्त

**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज अंतर्गत मोरगा में एक ग्रामीण के घर वन विभाग द्वारा ली गई तलाशी में बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी व फर्नीचर मिलने पर वन विभाग ने जब्त कर आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सिलसिले में लकड़ी काटने वाले दो मशीन आरा, रंदा व अन्य सामाग्रियों को भी जब्त किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार केंदई रेंजर अभिषेक दुबे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोरगा के जूनापारा में रहने वाला दूबराज नामक ग्रामीण जंगल से लकड़ी काटकर अवैध रूप से बनाता है तथा इसे क्षेत्र में खपाता है। मुखबिर की सूचना को रेंजर श्री दुबे ने गंभीरता से लिया और उप मंडलाधिकारी कटघोरा से सर्च वारंट लेकर जब उक्त ग्रामीण के घर की तलाशी ली गई तो वहां फर्नीचर, खाट तथा साल का बड़ी मात्रा में सिलपट मिला। जब इसके वैध कागजात की मांग की गई तो वह दिखाने में विफल रहा जिस पर तलाशी के लिए गई वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से बनाए गए फर्नीचर, खाट तथा लकड़ी काटने की दो मशीन आरा, रंदा व अन्य सामाग्रियों को जब्त कर लिया। आरोपी के विरूद्ध वन अधिनियम की धाराओं के तहत आगे की कार्यवाही की जा रही है। जब्ती अभियान में वनपाल विकास सूर्यवंशी, संतोष यादव, वनरक्षक राजकुमार बंजारे, सुरेंद्र कुमार कंवर, विनय कंवर, विनोद कुमार राज तथा पंकज कुमार खैरवार ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### महंगाई का दिखा असर

**कोरबा।** नवरात्र पर्व पर भी महंगाई का असर दिख रहा है। ज्योति कलशों की दरें बढ़ गई है। पूजन सामाग्रियों की कीमतों में कुछ हद तक बढ़ोत्तरी हुई है। कम उत्पादन और ट्रांसपोर्टेशन को इसका कारण बताया गया।

## 189.67 करोड़ की शराब बिकी जिले में

### अंग्रेजी शराब के कुछ ब्रांड की कीमत में कटौती



**कोरबा।** वित्त वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग शासन से प्राप्त राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश में लगा हुआ है, लेकिन इस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य पूरा होगा इसकी संभावना काफी कम है। अब तक कुल लक्ष्य से विभाग 27 करोड़ पीछे चल रहा है।

विभाग को इस चालू वित्तीय वर्ष में 217 करोड़ 54 लाख राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य दिया गया है,जिसके मुकाबले अब तक की स्थिति में 189 करोड़ 67 लाख राजस्व की प्राप्ती हुई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है,कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक लक्ष्य के करीब विभाग पहुंच जाएगा।

कोरबा का आबकारी विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने तक अपना राजस्व लक्ष्य हासिल कर पाएगा इसकी संभावना काफी कम है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में केवल तीन दिन का समय शेष रह गया है,लेकिन विभाग लक्ष्य से काफी दूर है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त आशा सिंह ने बताया कि शासन से उन्हें 217 करोड़ 54 लाख राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य मिला था,जिसके मुकाबले अब तक की स्थिती में 189 करोड़ 67 लाख राजस्व की प्राप्ती हो चुकी है। निर्धारित अवधी तक लक्ष्य हासिल हो जाए इसके लिए विभाग पूरा जोर लगा रहा है। लेकिन तीन दिन के भीतर बाकी का राजस्व प्राप्त हो सके इसकी संभावना कम है। अधिकारियों ने कहा है,कि लक्ष्य प्राप्ती का प्रयास किया जा रहा है,वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक विभाग लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगा।

सहायक आयुक्त ने बताया कि 10 दुकान को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाना है,जिसकी प्रक्रिया चल रही है। शासन ने 67 नई दुकानों को खोलने की घोषणा की है,हालांकि कोरबा में नई दुकानें नहीं खुलेंगी। वहीं प्रीमीयम शराब दुकान की संख्या बढ़ाए जाने को लेकर अधिकारियों ने संकेत दिए है। सरकार ने शराब की कीमतों में कमी करने की घोषणा की है। हालांकि यह कमी केवल अंग्रेजी शराब में होगी।

## लोनर हाथी फिर पहुंचा गुरमा, विभाग सतर्क



**कोरबा।** धरमजयगढ़ वनमंडल की ओर लौटे लोनर हाथी ने फिर कोरबा जिले के कुदमुरा वनपरिक्षेत्र में दस्तक दे दिया है। इस लोनर हाथी को आज सुबह रेंज अंतर्गत गुरमा गांव के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया और ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर लोनर की निगरानी में जुट गया है। वहीं गुरमा व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इससे पहले यह लोनर क्षेत्र में विचरण कर रहा था लेकिन दो दिनों पूर्व धरमजयगढ़ की ओर रूख किया था जिससे वन विभाग ने राहत की सांस ली थी लेकिन लोनर के फिर कोरबा जिले में आ जाने से वन अमले की परेशानी बढ़ गई है। उधर करतला रेंज के चिकनीपाली जंगल में अभी भी आधा दर्जन हाथी डेरा जमाए हुए हैं जिनकी निगरानी ड्रोन कैमरे के जरिए लगातार की जा रही है। वहीं कटघोरा वनमंडल में 62 हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। हालांकि हाथियों के दल ने क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी हाथियों के उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग विशेष सतर्कता बरत रहा है। वनमंडल के केंदई, एतमानगर, जटगा व पसान क्षेत्र में मौजूद हाथियों की निगरानी लगातार की जा रही है। हाथियों की निगरानी के लिए कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com